# विवाद के बाद डंडे से हमला कर पति को उतारा मौत के घाट

## पुलिस हिरासत में पत्नी से पूछताछ जारी, शराब के नशे में आयेदिन करता था झगड़ा

**रिश्ते का खून**

**मसौली, बाराबंकी**



मोहित फाइल फोटो।



मौके पर जांच-पड़ताल करतीं सीओ रामनगर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शराब की लत को लेकर आए दिन कहासुनी बुधवार की दोपहर मारपीट में बदल गई। इस बीच पत्नी ने डंडे से पति के सिर पर वार कर दिया, गंभीर रूप से घायल पति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार यह घटना मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुरथरा में बुधवार की दोपहर हुई। गांव के रहने वाले मोहित पुत्र रामकुमार और उसकी पत्नी शिल्पा वर्मा के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा कि मोहित को शराब की लत थी, जिसके चलते घर में तनाव बना रहता था। बुधवार को करीब 12 बजे दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान शिल्पा ने डंडे से मोहित के सिर पर वार कर दिया, जिससे गंभीर रूप से जख्मी मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर सीओ रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पति की शराब की आदत को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था और इसी के चलते यह घटना हुई।

### अंधकारमय हुआ बच्चों का भविष्य

मोहित की मौत और शिल्पा की गिरफ्तारी के बाद सबसे बड़ा संकट 14 साल के पुत्र अभय उर्फ गोलू और 10 साल बेटी सृष्टि की परवरिश पर मंडरा रहा है। आए दिन माता पिता का लड़ाई झगड़ा देखना उनकी आदत बन गया था पर वह पिता में सुधार के पक्ष में थे। बुधवार की दोपहर घर का माहौल गर्म हुआ तो रुआंसे बच्चे सिर्फ चीखते-चिल्लाते रह गए पर गुस्सा इस कदर हावी हो चुका था कि अनहोनी हो ही गई। पुलिस पिता का शव ले गई तो मां को हिरासत में ले लिया। अब आगे उनका क्या होगा, यही सोच कर वह शून्य को निहारते रह गए।

# एक्सप्रेस वे पर रात भर शव को रौंदते रहे वाहन

**हादसा**

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक हादसे में महिला की मौत हो गई। रात भर वाहन महिला के शव को कुचलते रहे, जिससे शव क्षत विक्षत हो गया। सुबह पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया7

जानकारी के अनुसार, लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मदरहा गांव के पास यह हादसा हुआ। खेमीपुर गांव निवासी गुड़िया पत्नी राजेंद्र मंगलवार देर रात घर से निकलकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहुंच गई। बताया जा रहा कि पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद के बाद वह गुस्से में घर छोड़कर चली गई थी। रात के अंधेरे में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक्सप्रेस वे पर रात भर वाहनों की आवाजाही जारी रहने के कारण शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सुबह सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी जुटाई और परिजनों को सूचना दी गई। मृतका के बेटे ने मौके पर पहुंचकर कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। मृतका अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गई। थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बस पर गिरा पेड़ सभी यात्री सुरक्षित

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में भोर से हो रही धीमी तेज बारिश के चलते बुधवार की सुबह बजगहनी से देवा आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस पर देवा कुर्सी रोड पर भिटौली गांव के निकट एक विशालकाय पेड़ बस पर गिर गया। हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन यात्री बाल-बाल बच गए। पेड़ गिरने की वजह से काफी देर तक यातायात बाधित रहा। सूचना पर मौके पर पुलिस के साथ वन विभाग के लोग पहुंचे। उसके बाद यातायात चालू कराया गया।



शपथ लेते सभासद। ● अमृत विचार

### नामित सभासदों को दिलायी गयी शपथ

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे के मैरिज लान व बेलहरा के बाबा साहब परिसर में बुधवार शाम आयोजित समारोह में शासन द्वारा नामित सभासदों को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में विधायक साकेन्द्र वर्मा मुख्य अतिथि थे। नगर क्षेत्र में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, दयाशंकर जोशी 'पप्पू' और रीतेश जैन 'टीनू' तथा बेलहरा में सुनील सोनी, संतोषी और कपिल वर्मा को नामित किया गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने सभी सभासदों से आपसी सहयोग और सामंजस्य बनाए रखते हुए नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान मिश्र ने किया, जबकि चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, ईओ संध्या मिश्रा और ईओ बेलहरा राजेश चौधरी ने नामित सभासदों का स्वागत किया। समारोह में महंत हेमंत दास, करुणा शंकर शुक्ला, रंजीत लोधी, सभासद मो. राहिल, अनिल मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भाई के घर में मिला युवक का शव

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके बड़े भाई के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सायपुर निवासी देवी दयाल बुधवार तड़के करीब 4 बजे पत्नी से चाय बनाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश शुरू की तो घर से करीब 50 मीटर दूर बड़े भाई प्रदीप के घर में उनका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि मृतक चार भाइयों में से एक था और सभी अलग-अलग घरों में रहते थे। देवी दयाल की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी और उनकी एक दो वर्षीय बेटी है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# भैंस ने किसान को घसीटा कुएं में गिरकर हुई मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार देर रात बंधन खुलते ही भागी भैंस की रस्सी में फंसा वृद्ध किसान काफी दूर तक घिसटता चला गया। संतुलन बिगड़ने से टयूबवेल के कुएं में भैंस समेत किसान भी गिर गया। परिजन उसे आनन फानन में सीएचसी ले गए पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार में रोना पिटना मच गया।

जानकारी के अनुसार असंद्रा थाना क्षेत्र के अशरफपुर निवासी राम सजीवन (65) पुत्र स्व. गजोधर रावत मंगलवार देर रात करीब 2 बजे घर के बाहर बंधी भैंस को संभालने के लिए निकले थे। इसी दौरान भैंस अचानक खुलकर भागने लगी। भैंस की रस्सी उनके हाथ में आ गई, लेकिन बेकाबू जानवर उन्हें खींचते हुए घर के पास स्थित ट्यूबवेल के कुएं तक ले गया। अचानक संतुलन बिगड़ने से भैंस कुएं में गिरी, वहीं रस्सी में उलझे राम सजीवन भी उसके साथ ही कुएं में जा गिरे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल किसान को तत्काल सीएचसी रामसनेहीघाट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में भैंस भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने भी मौके का निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। वृद्ध की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

## रंजिश में व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर मंगलवार देर रात ग्राम प्रधान ने दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ ससुराल से लौट रहे एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान हुई फायरिंग में गोली कान छूकर निकल गई। मामले में ग्राम प्रधान समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखरा की है। तारिक शफीक के अनुसार वह मंगलवार रात करीब 10:45 बजे अपनी ससुराल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे वर्तमान प्रधान अब्दुल रहमान ने अपने साथियों नासिर, इमरान, शाकिब, उबेदुल्ला, जीशान, इरफान, जावेद, फुरकान, शाहफेद, फैजान, अमान, जुलकर, अवसाफ, आमिर, अब्दुल के साथ उन पर हमला कर दिया।

# टीम कोड 03 विजेता, 09 उपविजेता

- **तृतीय ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता का समापन**



विजेता टीम को ट्राफी देते कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज की मूट कोर्ट समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय तृतीय ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता-2026 का समापन बुधवार को हुआ।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्व सदस्य राज्य विधि आयोग जगदीश प्रसाद उपाध्याय रहे, जिन्होंने निर्णायक मंडल की अध्यक्षता भी की। अन्य निर्णायकों में डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्रा, डॉ. प्रशांत कुमार, आकांक्षा तिवारी और अभिनव मिश्रा शामिल रहे। प्रतियोगिता विवि के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी एवं कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मूट कोर्ट समिति की संयोजक डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज ने पौधा व लखनऊ का मानचित्र भेंट किया। फाइनल में टीम कोड 03 को विजेता और टीम कोड 09 को उपविजेता घोषित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी ने पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में कुलपति ने विधि छात्रों को गरीबों को न्याय दिलाने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कर्नल संजीव श्रीवास्तव, निदेशक, व्यवस्था एवं प्रशासन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज एवं सह-संयोजक दीपेश कुमार सिंह ने किया। आयोजन में समिति सदस्य अनन्या सिंह ठाकुर, आनंद कुमार, शशि शुक्ला, चारु वर्मा के साथ डॉ. शशांक शेखर, डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, आस्था मिश्रा आदि थे।

## फर्जीवाड़ा कर महिला के नाम से लिया लोन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजपुर मजरे लालपुर गांव में एक महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसके नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैंक से लाखों का लोन लिया गया। मालती देवी ने न्यायालय में बताया कि वह मजदूरी करती हैं। आरोप है कि गांव की ही एक अन्य महिला और उसके पुत्र समेत कुछ लोगों ने उनके नाम से फर्जी कागजात तैयार कर लिए और बैंक कर्मियों से मिलीभगत कर कानपुर स्थित एक बैंक शाखा से करीब 2.35 लाख रुपये का लोन ले लिया। जानकारी तब हुई जब बैंक द्वारा किश्त जमा करने का दबाव बनाया गया। जब वह शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंची तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। उसने 18 मार्च को एसपी से शिकायत की, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

# मोहसिना किदवई के निधन से जिले में शोक

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड़ागांव में जन्मी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन से क्षेत्र शोक में डूब गया। दिल्ली के एक निजी अस्पताल में कांग्रेस नेता ने अंतिम सांस ली।

वर्ष 1932 में जन्मी मोहसिना किदवई 93 साल की थीं। बाराबंकी से उनका खासा लगाव रहा, वह जब तक आकर पार्टी नेताओं व पुराने चेहरों से जरूर मिलती थीं। बता दें कि वह मेरठ की पहली और अब तक की अकेली महिला सांसद थीं। उन्होंने 1980 और 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। 1980 में उन्होंने जनता पार्टी (सेक्युलर) के हरीश पाल को 57,217 वोटों से हराया, जबकि 1984 में लोकदल के मंजूर अहमद को 96,518 वोटों से पराजित किया। कांग्रेस की कद्दावर नेताओं में शुमार मोहसिना ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में केंद्र सरकार में कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं। प्रदेश स्तर से अपनी राजनीति की शुरुआत कर राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बनाई। वह 2004 से 2010 और 2010 से 2016 तक राज्यसभा की सदस्य भी रहीं।

सांसद तनुज पुनिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए नोएडा स्थित उनके आवास पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके निधन से कांग्रेस संगठन की एक संघर्षशील व दृढ़संकल्पित शख्सियत का अंत हो गया है।

**कार्यक्रम** — स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, मुख्य अतिथि ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना व शत-प्रतिशत नामांकन लक्ष्य :शर्मा




कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में बुधवार को स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन व जिला उपाध्यक्ष मनीष परिहार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना है। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना सहित सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने पूर्ण नामांकन पर जोर दिया, जबकि विधायक दिनेश रावत ने विद्यालयों के कायाकल्प से बेहतर हुए शैक्षिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और उच्च प्राथमिक विद्यालय बनवा के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंत में मुख्य अतिथि ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो लखपेड़ाबाग चौराहा होते हुए वापस ऑडिटोरियम पहुंची। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार, अश्विनी प्रताप, चंद्र शेखर यादव, प्रमोद उपाध्याय, संजय कुमार, जिला समन्वयक विनीता मिश्रा, नंदन पाण्डेय, पुनीत कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, पंकज कुमार वर्मा, रितु पाठक, ऋषि टंडन, डॉ. देवेंद्र द्विवेदी, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार, अरुणेंद्र कुमार वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, राजेश सिंह, दिलीप तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, रानू गुप्ता, सुमन गौतम, श्याम किशोर बाजपेई, रजनीश सिंह, दिवाकर अवस्थी, रमाकांत वर्मा, मनोज चौधरी, विपिन सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## चोरी की 7 बाइक समेत दो गिरफ्तार

**बाराबंकी: अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 2 अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल लिफ्टरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की 7 मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

पुलिस टीम द्वारा मो0 फहीम उर्फ सुल्तान उर्फ सालू पुत्र रईश निवासी नई आबादी गदियाना थाना शहर व आफताब पुत्र अल्ताफ निवासी भगवानपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सीतापुर को शुगर मिल, देवा ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी की 7 मोटरसाइकिल व एक बिना नंबर प्लेट बाइक बरामद कर बीएनएस पंजीकृत किया गया। पूछताछ से पता चला कि इनके द्वारा आस-पास के जनपदों से लखनऊ, रायबरेली, गोण्डा से मोटरसाइकिल चोरी की जाती हैं। थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत से 2 मोटरसाइकिलों की चोरी की गयी थी।

### पौधों की उपयोगिता पर जागरूकता जरूरी



बैठक में मौजूद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी व अन्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित स्कूल हर्बल गार्डन परियोजना के तहत राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नगर बाराबंकी में जनपद स्तरीय समन्वयन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव ने की। डॉ. वीनम यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति जड़ी-बूटियों पर आधारित रही है, लेकिन जानकारी के अभाव में यह धीरे-धीरे लुप्त होती गई। उन्होंने समाज में औषधीय पौधों की पहचान और उपयोगिता को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और संस्था के प्रयासों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि जनपद के 10 स्कूलों एवं डिग्री कॉलेजों में हर्बल गार्डन स्थापित किए जा रहे हैं। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य स्वावलंबन से जोड़ा। वहीं आयुर्वेदाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि वात, पित्त और कफ के संतुलन के साथ प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर आयुर्वेद, योग व पंचकर्म के माध्यम से स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है। इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज वर्मा, स्टाफ नर्स सरोज शुक्ला, साधना त्रिपाठी, कंचन लता यादव, दीपिका पाठक, योग सहायक स्वीटी मौर्य, धर्मा देवी, अंजलि, बालक राम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पशुपालकों को दी योजनाओं की जानकारी



शिविर में मौजूद अधिकारी, पशुपालक व छात्र। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय पशु चिकित्सालय सदर द्वारा ग्राम सभा माती में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं एवं पशुपालकों को पशुधन के स्वास्थ्य और देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डॉ. भानु प्रताप प्रजापति ने पशुओं के स्वास्थ्य, कृमिनाशक दवाओं के उपयोग व देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, पशुओं की टैगिंग एवं टीकाकरण जैसी विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। पशुपालन एंबुलेंस सेवा 1962 के प्रभारी डॉ. अंकित वर्मा ने पशुपालकों को एंबुलेंस सेवा, विभिन्न बीमारियों और मौसम परिवर्तन से पशुओं को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों व पशुपालकों को मिनरल मिक्सर एवं पेट के कीड़ों की दवा का वितरण भी किया गया।

### दादी रतनमोहिनी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व मुख्य प्रशासिका 101 वर्षीय परमश्रद्धेय राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को दिव्य शक्ति भवन, बाराबंकी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवाकेंद्र संचालिका अनुराधा दीदी ने दादी जी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन विश्व कल्याण और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके नेतृत्व में संस्था का विस्तार 140 देशों तक हुआ और लाखों लोगों को आध्यात्मिकता व नैतिक मूल्यों से जोड़ा गया। प्रीति दीदी ने कहा कि दादी जी का जीवन योग-साधना की अद्भुत मिसाल था। 101 वर्ष की आयु में भी वे विश्वभर में संचालित छह हजार से अधिक सेवाकेंद्रों का सफल संचालन कर रही थीं। उल्लेखनीय है कि दादी रतनमोहिनी जी युवा प्रभाग की अध्यक्षा भी रहीं और उनके नेतृत्व में 30,000 किलोमीटर की विश्व युवा एकता पदयात्रा आयोजित हुई। उन्होंने 8 अप्रैल 2025 को देह त्याग किया था।

### मशाल जुलूस को सफल बनाने का लिया संकल्प

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ, बाराबंकी की महत्वपूर्ण बैठक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला पंचायत स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने की। बैठक में 13 अप्रैल को प्रस्तावित मशाल जुलूस को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिक से अधिक शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने और टेट अनिवार्यता से मुक्ति का संदेश सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रदेश संयोजक अरुणेंद्र कुमार वर्मा 'मुन्ना', जिला संयोजक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, विशिष्ट बीटीसी टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आनंद पांडे, टीचर्स सेल्फ केयर टीम से राघवेंद्र कुमार सुमन, अटेवा जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी, जय कुमार, श्याम किशोर बाजपेई, जय किशन, विवेक मिश्रा सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे। इसके अलावा जनपदीय मंत्री उमानाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री मोहम्मद आसिम, ललित वर्मा, देवा ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश तिवारी, हरख ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र, रामनगर ब्लॉक मंत्री पवन मिश्र, बनीकोडर मंत्री उदय अग्रवाल, सिरौली गौसपुर मंत्री अनूप अवस्थी तथा देवा ब्लॉक मंत्री अभिजीत श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशांत सिंह बने लेफ्टिनेंट कर्नल



प्रशांत सिंह को बधाई देते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट के मालिनपुर निवासी प्रदीप सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। बताया गया कि प्रशांत सिंह का प्रशिक्षण चेन्नई में होगा। चयन की खबर मिलते ही परिवार और क्षेत्रवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने छोटी हनुमानगढ़ी पहुंचकर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रशांत सिंह की इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। राज्यमंत्री सतीश शर्मा भी उनके निवास पर पहुंचकर बधाई दी।

न्यूज ब्रीफ

### चूल्हे पर रखी कढ़ाई में गिरने से बच्ची झुलसी

**औरास उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव डीहा निवासी सुरेंद्र की पत्नी रजनी बुधवार दोपहर दो बजे किचन में खाना बना रही थी। वहीं उसकी 3 वर्षीय बेटी आरोही किचन में मां के पास खेल रही थी। तभी किसी काम से रजनी किचन से बाहर गई तो आरोही चूल्हे पर रक्खी कढ़ाही में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। उसकी चीख सुन परिजन दौड़े और आरोही को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. उमर फारुक द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

### सीएचसी को मिला शव फ्रीजर, विधायक देंगे शव वाहन

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सामाजिक संस्था जन कल्याणम सेवा समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए शव फ्रीजर को सीएचसी को समर्पित किया गया। विधायक बम्बालाल दिवाकर ने बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डा. रामसहोदर को फ्रीजर देकर शव वाहन अपनी निधि से देने की घोषणा की। संस्था अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह सेंगर ने शव वाहन की भी जरूरत बता विधायक से मांग रखी। इस पर विधायक ने शीघ्र ही शव वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, मुन्ना सेठ, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रत्नेश गौड़, सतीश चंद्र गुप्ता, गुड्डू सेठ, शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी, अमरनाथ पांडेय, अशोक कुशवाहा, शिव बिहारी गुप्ता, वीरेंद्र मिश्रा, राजीव शर्मा, कमल दीक्षित आदि रहे।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पुरवा उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चंडीगढ़ी निवासी कृपाशंकर उर्फ कल्लू (35) स्व. राम रतन मजदूरी करता था। मंगलवार रात पत्नी से हुई कहासुनी के बाद वह कमरे में सोने चला गया। सुबह दरवाजा अंदर से बंद देख पत्नी ने खिड़की से झांक कर देखा को वह दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। सूचना पर मोहल्ले में ही दूसरे में रहने वाला छोटा भाई कर्मा शंकर व मां प्रेमावती आदि पहुंचे। पुलिस ने शव नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता की मौत से बेटा साहिल व बेटी शालनी बेहाल रहीं। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# कारोबारी से लूट के चार आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## सीतापुर से हरदोई आकर वारदात को दिया था अंजाम, मुठभेड़ में दो को लगी गोली, दो बाल अपचारी भी पकड़े

संवाददाता, हरदोई




मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाशों को ले जाती पुलिस व घटना की जानकारी देते एसपी अशोक कुमार मीणा।

**अमृत विचार।** पुलिस के साथ एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में चार लुटेरों को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने सराफा कारोबारी के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए पकड़े गए आरोपियों के पास से लूटे गए करीब 50 लाख के ज़ेवर, दो बाइक, 8 मोबाइल, 24 हज़ार 100 रुपये नकद, तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया है।

बतातें चलें कि टड़ियावां थाने के कस्बा गोपामऊ के मोहल्ला मिश्राना निवासी सर्वेश कुमार रस्तोगी अपने पुत्र गौरव रस्तोगी के साथ 3 मार्च की शाम टड़ियावां बाज़ार से अपनी सराफा की दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे, उसी बीच रास्तें में बाज़ार पुरवा के पास दो बाइक पर सवार 6 युवकों ने रोका और गन प्वाइंट पर डेढ़ लाख कैश व सोने-चांदी के ज़ेवर लूट ले गए थे। इस तरह की वारदात से पुलिस महक मां हलकान हो गया, आईजी किरण एस टड़ियावां पहुंचे आईजी किरण एस एसपी को जल्द खुलासे के कड़े निर्देश दे गए थे। एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर खुलासे के लिए एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह व सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान की निगरानी में पुलिस की 6 टीमें लगी हुईं थीं। एसएचओ टड़ियावां कुलदीप सिंह अपनी टीम-12 और एसओजी/स्वाट/ के प्रभारी राजेश कुमार व सर्विलांस टीम के प्रभारी अब्दुल जब्बार टीम-7 के साथ मंगलवार की रात हरिहरपुर रोड दधनामऊ रोड पर गश्त कर रहे थे, उसी बीच बौठा गांव के रास्ते से दो बाइक से कुछ संदिग्ध लोगों के आने की आहट लगी, पुलिस टीम ने सराह गांव के आसपास घेराबंदी कर दी, बाइक सवारों ने एका-एक पुलिस टीम पर गोली चला दी, बचाव में पुलिस ने उसी तरह से जवाब दिया, जिसमें दो बाइक सवार बाएं पैर में गोली लगने से सीतापुर ज़िले के प्रियांशु वर्मा पुत्र अमर सिंह निवासी जमसगरा लहरपुर सीतापुर व तुषार रस्तोगी पुत्र राजू रस्तोगी निवासी बसइया टोला लहरपुर गिर पड़े, जबकि सीतापुर ज़िले के ही प्रशांत शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला निवासी काज़ीटोला लहरपुर और वहीं के सचिन कश्यप पुत्र श्रीकांत को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। दो बाल अपचारियों को भी हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की पकड़ में आए लुटेरों के पास से लूटे गए तकरीबन 50 लाख के ज़ेवर, 24 हज़ार सौ रुपये कैश, दो बाइक और तमंचे व कारतूस बरामद हुए है।

### पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम

**हरदोई।** एसपी अशोक कुमार मीणा ने सराफा कारोबारी से हुई लूट का खुलासा करने वाली टड़ियावां पुलिस टीम के साथ एसओजी/स्वाट और सर्विलांस टीम के जांबाज़ जवानों को 25 हज़ार का ईनाम दिया है।

### लग्ज़री लाइफ जीने को अपराध में कूदे

**हरदोई।** सराफा कारोबारी सर्वेश कुमार रस्तोगी से लूट करने वाले प्रियांशु वर्मा, प्रशांत शुक्ला, तुषार रस्तोगी और सचिन कश्यप ने पूछताछ में बताया कि लाइफ को लग्ज़री बनाने के लिए इस तरह की वारदात को अंजाम तक पहुंचाया, लेकिन शायद इस बात से अंजान रहे कि उनका ऐसा कदम पूरी लाइफ खो दांव पर लगा सकता है और ऐसा ही हुआ भी।

### युवकों को थाने के कमरे में दो दिन बंद रखने का आरोप

**हरदोई/साण्डी, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक कमरे के अंदर बेगुनाही की दलील देते हुए दिखाई दे रहे है, जबकि दावा किया गया है जो दलील दे रहे है। उन्हे दो दिन से थाने के कमरे में बंद रखा गया है। एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम का कहना है कि पुलिस आरोपियों को पूछताछ के लिए लाई थी। उन्ही में से किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, पुलिस जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लोग अपनी बेगुनाही की की बात करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद ऐसी बातें कही जा रहीं है कि पुलिस उन लोगों को दो दिनों से कमरें में बंद रखे हुए है। उनमें शराब के नशे में झगड़ा करने के आरोपी नेकपुर निवासी सरोज, गेंहू चोरी के आरोपी मुरौली निवासी कैलाश, उसी गांव के बैट्री चोरी के आरोपी शेर सिंह, झगड़े के आरोपी कोलो निवासी नारायण और नोनखारा निवासी शिवम व संजीप है।

# नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ



नामित सभासदों के साथ सांसद, विधायक व नगर पालिका चेयरमैन व एसडीएम। अमृत विचार

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद सण्डीला के सभागार में आज बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार द्वारा नामितपांच सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। करीब तीन वर्ष पूर्व हुए निकाय चुनाव के बाद यह प्रक्रिया पूरी की गई।

शपथ ग्रहण समारोह में सांसद अशोक रावत, क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी एवं नगर पालिका चेयरमैन मो. रईस अंसारी मौजूद रहे। वहीं संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी नारायनी भाटिया ने सभी नामित सभासदों को विधिवत शपथ दिलाई। भाजपा कार्यकर्ता शरद कुमार चौरसिया, शिवम सक्सेना, अतुल गुप्ता, अमन बाबू और रुचि अस्थाना सभासदों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। सांसद अशोक रावत ने नवनियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभासदों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की समस्याओं को गंभीरता से समझें और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करें। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि नामित सभासदों का समर्पण नगर के विकास, स्वच्छता, सुव्यवस्था और जनकल्याण को नई दिशा देगा। उन्होंने सभी को मिलजुलकर कार्य करने और नगर को एक आदर्श शहर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। नगर पालिका चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने कहा कि सभी नामित सभासद नगर के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे। कहा कि नगर पालिका टीम भावना के साथ कार्य कर रही है और जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# कमीशनखोरी की तो सभासदों पर होगी कार्रवाई

- पीएम आवास योजना में रिश्वत मांगने की शिकायतों पर एसडीएम ने बैठक कर दी चेतावनी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



सभासदों की बैठक लेते एसडीएम अंकित तिवारी।

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में एसडीएम द्वारा नगर पालिका परिषद के सभासदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित शिकायतें भी संज्ञान में आईं, जिनमें यह आरोप लगाया गया कि कुछ सभासदों द्वारा लाभार्थियों को योजना का लाभ तथा द्वितीय किश्त दिलाने के नाम पर अवैध धनराशि की मांग की जा रही है। इस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सभासदों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने वार्डों में जनता को जागरूक करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णतः पारदर्शी है तथा इसमें किसी भी प्रकार की धनराशि का लेन-देन पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि न तो कोई व्यक्ति लाभ दिलाने के नाम पर रुपये की मांग करे और न ही कोई लाभार्थी किसी को रुपये का भुगतान करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की किसी भी शिकायत की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने यह भी कहा कि प्रशासन जनहित के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक बिना किसी भेदभाव एवं भ्रष्टाचार के पहुंचाया जाएगा।

### एसडीएम की बैठक में न बुलाए जाने से नामित सभासद नाराज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील सभागार में सभासदों की बुलाई गई बैठक में नामित सभासदों को नहीं बुलाया गया, जिससे नामित सभासदों में नाराजगी देखी गई। सभासदों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से पूछा है कि आखिर उन्हें बैठक में क्यों नहीं बुलाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में कमीशन खोरी की शिकायतें बड़ी संख्या में पहुंचने के बाद सभासदों को बुलाकर एसडीएम अंकित तिवारी ने चेतावनी दी। बुधवार को दोपहर तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में सभासदों की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही कमीशनखोरी की शिकायतों को लेकर एसडीएम ने सभासदों को सख्त चेतावनी दी। बैठक में केवल निर्वाचित सदस्यों को बुलाया गया था। जबकि नामित सभासदों को कोई सूचना नहीं दी गई। दूसरी बार नामित सभासद महेंद्र बाल्मीकि ने कहा कि बैठक बुलाने की जानकारी उन्हें भी है लेकिन नामित सभासदों को नहीं बुलाया गया। कहा कि अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका प्रशासन से वह जानकारी चाहते हैं कि आखिर नामित सभासदों को बैठक में क्यों नहीं बुलाया गया।

# फसलों पर आग व पानी दोनों की आफत



### बिलग्राम व भरखनी में आग से फसल जली

**बिलग्राम, भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम क्षेत्र के गांव हीरापुर में बुधवार शाम बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग बुझा ली थी हल्की बूंदाबांदी ने भी आग बुझाने में किसानों की मदद की। सूचना मिलने पर संबंधित तहसीलदार यशवंत सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल अंकित कुमार को मौके पर भेजकर क्षति का आंकलन कराया। बताया कि जांच में तथ्य सामने आया कि बिजली की लाइन फसल के ऊपर से निकली है जिससे चिंगारी गिरने से फसल में आग लगी। इसके अलावा भरखनी ब्लॉक क्षेत्र के जमालपुर गांव में बुधवार दोपहर खेत में अचानक आग लगने से गांव निवासी रामनाथ की करीब 4 बीघा गेहूं की खड़ी एवं कटी पड़ी फसल जल गई। आग मुनेश्वर, सूरज सिंह, प्रकाश और विशेश्वर के खेतों तक पहुंची, हालांकि की इन खेतों में फसल के अवशेष ही पड़े थे। आग कुछ ही देर में करीब 15 बीघा खेतों में फैल गई।



### आंधी और बारिश से चौपट हुई फसल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** तेज आंधी और तूफान के साथ ओलावृष्ट से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिरने से भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा। ऐसे में किसानों की सारी मेहनत पर प्रकृति ने पानी फेर दिया। बुधवार की शाम को तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश और तूफान से राघौपुर रोड पर, महमदपुर के पास पेडों के गिरने से यातायात भी प्रभावित रहा। यातायात प्रभावित होने की सूचना पर कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने जेसीबी की मदद से पेड़ों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। खेतों में ख़डी गेहूं की फसल को लेकर बड़ा नुकसान देखा जा रहा है। जबकि अधिकांश किसानों की गेहूं की फैसले अभी खेतों में ही खड़ी थी, जिसके काटने का इंतजार किसान कर रहे थे। लेकिन अचानक दो दिन से हो रही बारिश और तेज हवाओं से गेहूं की सारी फैसले गिरने से भारी नुकसान का आकलन लगाया जा रहा है।

# सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक का शव पड़ोसी गांव में खेत के किनारे पड़ा मिला था। उसके भाई ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया था, पुलिस जांच कर रही थी। उसी बीच सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'हेड इंजरी' यानी सिर में चोट पहुंचने से मौत होने की बात कही गई है। अब पुलिस जांच कर रही है कि युवक के सिर में चोट खुद से लगी या किसी ने हमला किया। बताते है कि मंगलवार की दोपहर कोतवाली शहर के सिब्बापुरवा में खेत के किनारे अरुण निवासी किसानन पुरवा मजरा सधई बेहटा का शव पड़ा था। उसके छोटे भाई विवेक ने बताया था कि सोमवार को अरुण घर में था। उसी बीच एक फोन आया। उसके बाद दो अंजान शख्स घर पहुंचे और अपने साथ बुला ले गए। विवेक का आरोप था कि उन्ही दोनों ने अरुण की हत्या की और शव फेंक कर भाग निकले, जबकि उसने किसी से कोई रंजिश होने की बात नहीं कही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसकी रिपोर्ट में हेड इंजरी मतलब सिर में चोंट पहुंचने से मौत होने की बात कही गई है, साथ ही अरुण की बाईं तरफ भौं पर भी चोंट थी। अब सवाल उठता है कि कोई हादसा हुआ जो अरुण के सिर में चोंट पहुंची या फिर जानबूझ कर पहुंचाई गई? जबकि शुरुआत में करंट लगने से मौत होना बताया जा रहा था।

अमृत विचार Follow U

# चकबंदी के विरोध में उतरे ग्रामीण



बैठक में विरोध दर्ज कराते ग्रामीण। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** फिरोजपुर खुर्द गांव में बीते कई दिनों से चल रहा चकबंदी विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। बुधवार को डीएम के निर्देश पर हुई खुली बैठक में ग्रामीणों ने चकबंदी का विरोध किया। जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी रामदेव निषाद की मौजूदगी में हुई बैठक में ग्रामीणों का पक्ष जाना गया। इसमें बहुमत चकबंदी रोकने के पक्ष में रहा। पंचायत भवन में हुई बैठक में बंदोबस्त अधिकारी ने चकबंदी लेखपाल चांदनी तिवारी को पक्ष व विपक्ष दोनों के मत दर्ज करने के निर्देश दिए। आंकड़ों के मुताबिक, बैठक में कुल 164 लोगों ने हस्ताक्षर किए। जिनमें से 153 ग्रामीणों ने चकबंदी न कराने की मांग की। वहीं 11 ने ही चकबंदी के पक्ष में मत प्रस्तुत किया। ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी भी स्थिति में गांव में चकबंदी नहीं चाहते। बैठक को लेकर ग्रामीणों में ऐसी संजीदगी थी कि सुबह 10 बजे से ही सैकड़ों महिलाएं, पुरुष व बुजुर्ग पंचायत भवन पहुंचने लगे थे। डुग्गी पिटवाकर अफसरों के 11 बजे आने की सूचना दी गई थी। लेकिन जिला चकबंदी अधिकारी शाम 3:30 बजे पहुंचे। अफसरों के इंतजार में ग्रामीण घंटों भूखे-प्यासे डटे रहे। शांति बनाए रखने को चौकी प्रभारी प्रेम प्रकाश दीक्षित फोर्स के साथ मौजूद रहे। इसमें सफीपुर चकबंदी सीओ राजेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी फतेहपुर चौरासी मीरा यादव, कानूनगो शिव शंकर, मोतीलाल, दिनेश कुमार, लेखपाल चांदनी तिवारी व राजेश कुमार रहे।

### सब्जी बेचकर लौट रहे किसान की सड़क हादसे में हुई मौत

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर क्षेत्र के सदमपुर गांव निवासी किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सदमपुर गांव निवासी राकेश (47) पुत्र स्व. रघुराज खेती के साथ सब्जी भी बेचता था। मंगलवार रात वह कानपुर के बिठूर कस्बा से सब्जी बेचकर लौट रहा था। तभी परियर-बिठूर पुल पर सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचा बेटा आशीष व अन्य परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# फूलों की होली के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन



कथा के दौरान खेली जाती फूलों की होली। अमृत विचार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के कमलपुर में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन ब्रज की होली लीला का सजीव मंचन हुआ। जिसने पांडाल को गोकुल व बरसाने के रंग में सराबोर कर दिया।

कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी ब्रज लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति व प्रेम ही ईश्वर प्राप्ति का सुगम मार्ग है। समापन पर जब बिरज में होली रे रसिया और कान्हा ने मारी भर-भर के पिचकारी जैसे भजनों की प्रस्तुति हुई तो श्रद्धालु झूमकर नृत्य करने लगे। मुख्य यजमान अशोक त्रिवेदी व उनकी पत्नी किरण ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन हुआ। जिसमें आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद कन्या भोज हुआ। जहां बालिकाओं को भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दी गई। फिर भंडारा शुरू हुआ जो देररात तक चलता रहा। इस दौरान संजीव दीक्षित, अवधेश द्विवेदी, चरणों शर्मा, मोंटी शर्मा, सोनू दीक्षित व माधुरी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### कालिया नाग मर्दन लीला का किया मंचन

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव चहलहा स्थित मलहटी देवी मंदिर परिसर में चल रही रासलीला के चौथे दिन वृंदावन से आए कलाकारों ने कृष्ण लीलाओं का मंचन किया। श्री बांके बिहारी रासलीला मंडल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कालिया नाग मर्दन की लीला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें दिखाया गया कि बाल कृष्ण सखाओं के साथ यमुना किनारे गेंद खेल रहे थे। अचानक गेंद यमुना में जा गिरी। जहां विषैले कालिया नाग का वास था। सखाओं के हठ पर कृष्ण ने बिना डरे यमुना में छलांग लगा दी। यमुना के तल में जब 5 फनों वाले कालिया नाग ने कृष्ण को घेरना चाहा तो प्रभु ने उसे अपनी शक्ति से परास्त कर दिया।



कालिया नाग के प्राणों की भीख मांगने पर श्रीकृष्ण ने उसके फन पर नृत्य किया और उसे यमुना छोड़ने का आदेश दिया। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्री कृष्णा के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

# आलू किसान बचाओ यात्रा पहुंची बांगरमऊ, लखनऊ के लिए रवाना

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** फर्रुखाबाद के आलू किसानों की बदहाली व समस्याओं को लेकर निकाली जा रही आलू किसान बचाओ यात्रा बुधवार नगर के तिकोनिया पार्क पहुंची। यहां किसानों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी एकजुटता का संकल्प लिया और लखनऊ के लिए पैदल कूच किया। किसान नेता अशोक कटियार के नेतृत्व में यह यात्रा फर्रुखाबाद की सातनपुर आलू मंडी से शुरू हुई है। किसानों का लक्ष्य लखनऊ स्थित राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन देना है। किसानों का कहना है कि वे अपनी समस्याओं को सीधे शासन के शीर्ष स्तर तक पहुंचाना चाहते हैं। किसान नेता अशोक कटियार ने मीडिया से कहा कि सरकार कहती है कि किसानों की आय आठ गुना बढ़ गई है लेकिन हकीकत यह है कि फर्रुखाबाद का किसान जो पूरी दुनिया को आलू खिलाता है आज खुद पाई-पाई को मोहताज है। किसानों ने मांग की कि जब सरकार गौशालाओं के लिए भूसा खरीद सकती है तो आलू को चारे के रूप में कुछ अधिक दर पर क्यों नहीं खरीद सकती। किसानों का कहना है कि जब तक उनके जिलों में आलू पर आधारित फैक्ट्रियां नहीं लगेंगी तब तक उनकी माली हालत नहीं सुधरेगी। पदयात्रा में अजय अनमोल, आकाश कटियार, नितिन कठेरिया, लालू यादव, विजय कटियार सहित आधा सैकड़ा किसान लखनऊ की ओर बढ़ रहे हैं।



वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते किसान नेता।

न्यूज ब्रीफ

### झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म व ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने गांव के ही लालजीत उर्फ भूरा पर विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म और ठगी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, पति की मृत्यु के बाद उसकी आरोपी से बातचीत शुरू हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान उसने गाड़ी खरीदने के नाम पर महिला से करीब पांच लाख रुपये भी उधार ले लिए। महिला का कहना है कि अब आरोपी दूसरी जगह शादी करने की तैयारी कर रहा है और उसके परिजन भी इसमें उसका साथ दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।



### कस्तूरबा विद्यालय में हुई जागरूकता चौपाल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बुधवार को ग्राम चांदपुर स्थित कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को पंपलेट वितरित किए गए और 'गुड टच-बैड टच तथा टू यंग मैरी विषय पर वीडियो क्लिप दिखाकर उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही 112, 1090, 1930, 181, 108 व 102 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार, उप निरीक्षक अजय तोमर, आरक्षी आनंद, आरक्षी अभिषेक पाल एवं महिला आरक्षी शक्ति चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा हरदोई बस अड्डा

## शासन ने विकास कार्यों के लिए करीब 123 करोड़ रुपये किए मंजूर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलेवासियों के लिए एक बड़ी सौगात सामने आई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य सड़क परिवहन निगम के बस अड्डों को आधुनिक और हाईटेक बनाने की योजना के तहत हरदोई बस अड्डे को भी शामिल किया है। इस परियोजना के अंतर्गत हरदोई बस अड्डे को लगभग 9840 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा, जिसके लिए करीब 123 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही हरदोई रीजन के तीन अन्य बस अड्डों को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

सरकार का उद्देश्य बस अड्डों को पारंपरिक ढांचे से निकालकर आधुनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। अधिकारियों के अनुसार, बस अड्डे को एयरपोर्ट की तर्ज पर तैयार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। जल्द ही इस परियोजना के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा।नए स्वरूप में बस अड्डे पर यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां वातानुकूलित प्रतीक्षालय, विश्रामगृह और वीआईपी लाउंज जैसी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे लंबी यात्रा करने वाले यात्रियों को आराम मिल सके। इसके अलावा, खाने-पीने के लिए रेस्टोरेंट और फूड कोर्ट भी बनाए जाएंगे।डिजिटल सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बसों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। यात्रियों को रियल-टाइम ट्रैकिंग के जरिए बसों की स्थिति की जानकारी मिल सकेगी। ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट सिस्टम और ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

### शहर से बाहर शिफ्ट होगा लंबी दूरी का संचालन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने की दिशा में एक नई पहल की तैयारी चल रही है। परिवहन विभाग शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए एक नए बस अड्डे के निर्माण की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उपयुक्त स्थान की तलाश की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।



### बोले क्षेत्रीय प्रबंधक

क्षेत्रीय प्रबंधक इं0 रमेश कुमार ने बताया कि बस अड्डे के लिए जगह चिन्हित करने का काम तेजी से चल रहा है, जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि नए बस अड्डे के निर्माण के बाद लंबी दूरी की बसों को वहीं से संचालित किया जाएगा। वहीं, शहर के भीतर मौजूद वर्तमान बस अड्डे से केवल स्थानीय और कम दूरी की बसों का संचालन करने की योजना है। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और शहर के अंदर यातायात व्यवस्था भी बेहतर हो सकेगी। अगर यह योजना समय पर पूरी होती है, तो हरदोई के लोगों को आने वाले समय में अधिक व्यवस्थित और सुगम परिवहन सुविधा मिल सकेगी, साथ ही शहर को जाम की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

### स्पेशल ट्रेन का हरदोई में ठहराव तय, मिलेगी राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** चंडीगढ़ से पटना के बीच चलने वाली विशेष एक्सप्रेस ट्रेन से हरदोई के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। रेलवे द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार 04512/04511 चंडीगढ़ पटना समर स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन निर्धारित अवधि तक साप्ताहिक रूप से किया जाएगा। इस ट्रेन के चलने से हरदोई समेत आसपास के जिलों के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में बेहतर विकल्प मिलेगा। यह ट्रेन चंडीगढ़ से प्रत्येक गुरुवार को चलेगी, जबकि पटना से वापसी में यह शुक्रवार को संचालित होगी। इसमें एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के कोच लगाए गए हैं, जिससे हर वर्ग के यात्रियों को सुविधा मिल सके। जारी टाइम टेबल के अनुसार चंडीगढ़ से चलकर यह ट्रेन सहारनपुर, रुड़की, मुरादाबाद, बरेली और शाहजहांपुर होते हुए हरदोई पहुंचेगी। हरदोई स्टेशन पर ट्रेन के आगमन और प्रस्थान का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। चंडीगढ़ से आने वाली 04512 स्पेशल एक्सप्रेस हरदोई स्टेशन पर सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर पहुंचेगी और 08 बजकर 56 मिनट पर आगे के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं, पटना से चंडीगढ़ जाने वाली 04511 स्पेशल एक्सप्रेस हरदोई स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 58 मिनट पर पहुंचेगी और 11 बजकर 00 मिनट पर प्रस्थान करेगी। इस तरह दोनों दिशाओं में यात्रियों को हरदोई से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।



आंधी में टूटा विद्युत पोल। अमृत विचार

### 36 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप, लोगों में रोष

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर से ही तेज हवा और हल्की बारिश के बाद क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आशा नगर से राभा पावर हाउस तक आने वाली 33 केवी लाइन में फॉल्ट होने से मंगलवार दोपहर से ही बिजली आपूर्ति बाधित है। लगभग 36 घंटे बीत जाने के बाद भी सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से हालात बदतर हो गए हैं। घरों में अंधेरा पसरा है, छोटे व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जरा सी हवा और बूंदाबांदी में ही लाइन फॉल्ट हो जाना यहां आम समस्या बन चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार आशा नगर से राभा पावर हाउस तक अधिक दूरी और जर्जर लाइन व्यवस्था इस समस्या की मुख्य वजह है। कई स्थानों पर पुराने पोल और ढीले तार लगातार खतरा बने हुए हैं। इसके बावजूद यह समस्या अक्सर गर्मियों के मौसम में सामने आती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में बीएसए पर अनुशासनात्मक कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

- लखनऊ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक करेंगे जांच

**अमृत विचार।** जिले में कुछ ही समय पहले आए बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. अजित सिंह पर भ्रष्टाचार के चलते अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उनके द्वारा की गई भ्रष्टाचार की जांच लखनऊ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक करेंगे।

बताते चलें कि बीएसए ने एआरपी व ईसीसीई की नियुक्त में भारी गड़बड़ी की, वहीं शासन के नियमों को ताक पर रख कर जेम पोर्टल से खरीददारी न करके मनमानी फर्मों से अधोमानक सामग्रियों की खरीददारी की। परिषदीय स्कूलों में लगने वाले झूलों की खरीद में भी अधोमानक झूले खरीदे गए, यही नहीं सेवानिवृत्त शिक्षकों की तमाम देयकों की फाइल अकारण लंबित रखने सहित अन्य तमाम भ्रष्टाचारों की शिकायत की गई थी। साक्षरता व वैकल्पिक शिक्षा से जुड़ी फाइलें भी कई महीनों से बीएसए द्वारा दबा दी गई थी। निविदा प्रक्रिया में भी उल्लंघन कर कई चीजें सीधे बीएसए द्वारा खरीद ली गई थी, जिस पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने कार्रवाई की संस्तुति की थी। अपर सचिव शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा ने बीएसए पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए लखनऊ मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक को जांच सौंप दी है।

# 5 दिन से बिजली व्यवस्था बदहाल, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में 17 गांवों की बिजली व्यवस्था पांच दिनों से पूरी तरह चरमरा गयी है। पावर हाऊस और अधिकारियों को लगातार सूचना के बावजूद लाइनें ठीक न किये जाने पर सुविधा शुल्क मांगने और बिजली कर्मियों द्वारा लापरवाही का आरोप लगाते हुए बुधवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन सर्व समाज के बैनर तले कई लोग जखवा पावर हाऊस पर आकर धरना प्रदर्शन करने लगे। पावर हाऊस पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों ने समझाने का लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। 3 घंटा चले धरना प्रदर्शन के बाद पहुंची नायब तहसीलदार आकांक्षा अग्निहोत्री को ज्ञापन सौंपकर लोगों ने धरना समाप्त किया।



ज्ञापन लेतीं नायाब तहसीलदार आकांक्षा अग्निहोत्री। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने पावरहाउस कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया
- लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन कर रहे भूपेन्द्र सिंह, प्रशान्त त्रिपाठी, मयंक सिंह, सोनेलाल, शुभ करन, महेन्द्र, योगेश सिंह, प्रान्शू, कमल, अक्षत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, ध्रुव तिवारी ने कहा कि अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी नारायनपुर , हाजीपुर, कटका, भटपुर, छावन सहित 17 गांवों में बिजली लाइन टूटी और खम्भे उखड़ जाने की सूचना जखवा पावर हाऊस पर पांच दिन से लगातार दी जा रही है। लेकिन अब भी तक ठीक नहीं की गयी है। कहा कि यहां पर तैनात कर्मचारियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं करते हैं। इसी चक्कर में 17 गांवों की बिजली लाइन चौपट पड़ी है। और कहा कि एक महीने से रोस्टर के मुताबिक बिजली गांवों को नहीं मिल रही है। नायब तहसीलदार आकांक्षा अग्निहोत्री ने कहा कि बिजली लाइनें शीघ्र सही कराकर आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।



बनी गांव में टूटे पड़े पोल से बाधित आवागमन। अमृत विचार



स्वच्छता अभियान में भाग लेते लोग। अमृत विचार

### ग्राम संपर्क अभियान : भाजपा पदाधिकारियों ने किया जनसंपर्क, गलियों में की साफ-सफाई

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा चलाए जा रहे ग्राम संपर्क अभियान के तहत बुधवार को विधानसभा सवायजपुर क्षेत्र के अनंगपुर मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बिवियापुर धानी नगला एवं भरखनी रमापुर गांवों में मुख्य अतिथि जैनेन्द्र प्रताप सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक राजकिशोर सिंह लल्ला के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और उनके अनुभव भी जाने। इस मौके पर इंजीनियर मनोज कुमार कठेरिया, रोहिताश सिंह शक्ति केंद्र संयोजक, सुधीर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, विजय बहादुर सिंह मंडल मंत्री, रानू सिंह शक्ति केंद्र संयोजक, अमर सिंह बूथ अध्यक्ष, नन्हू दीक्षित, अखिलेश सिंह, कुलदीप पाल, जयकरण सिंह, पिंटू सिंह, आकाश सिंह सहित बूथ समिति के कई सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षा के बिना हर व्यक्ति अधूरा है : प्रेमावती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शिक्षा के बिना व्यक्ति अधूरा है। शिक्षा से ही व्यक्ति समाज व देश को आगे बढ़ा सकता है। अभिभावकों अपने बच्चों को शिक्षा देने पर विशेष जोर देना चाहिए। यह बात जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहा में आयोजित वार्षिक उत्सव अनुगूंज में कही।

शिक्षा चौपाल वार्षिक उत्सव में बच्चों ने पपेट शो के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या पर प्रकाश डाला। बच्चों ने नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को दर्शाया। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों द्वारा मीनार नृत्य का प्रदर्शन देखकर अतिथि तालियों की गड़गड़ाहट नहीं रोक सके। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष अलका गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय प्रधानाध्यापिका राज्य पुरस्कार प्राप्त मंजू वर्मा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियां जिस प्रकार इस विद्यालय की हैं। अन्य अध्यापकों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं पूरे वर्ष अनुपस्थित न रहने वाले छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका स्मिता मधुसूदन, प्रिया शुक्ला, अपूर्वा त्रिपाठी, मो. यूसुफ, सुभाष यादव सहित एक दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाएं को खंड शिक्षा अधिकारी डीएल राणा तथा अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान प्रतिनिधि उदय प्रताप, पूर्व प्रधान संजय सिंह, अध्यापक वीरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, रामचंद्र कुशवाहा, अरुण सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।



सम्मानित विद्यार्थियों के साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य अतिथि। अमृत विचार

- पपेट शो से बच्चों ने बालिका भ्रूण हत्या पर खींचा ध्यान

## छात्रों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर किया शैक्षिक भ्रमण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर शाहबाद के इब्ने सीना फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान बी फार्मा चतुर्थ वर्ष और डी फार्मा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने लखनऊ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान सीएसआईआर/सीआईएमएपी और जेडेक्स पैरेन्ट्रल का दौरा कर दवा निर्माण की बारीकियो को जाना और समझा। संस्थान द्वारा किए गए टूर का मकसद कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान और औद्योगिक जगत के व्यावहारिक अनुभवों के बीच के अंतर को कम करने के लिए किया गया था जिसका मकसद छात्रों को वास्तविक कार्य प्रणाली से परिचित कराना रहा ताकि वे भविष्य की चुनौतियो के लिए सतर्क और तैयार हो सके। इस मौके पर विद्यार्थियों ने दवाओ के निर्माण उनके परीक्षण और विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए इस्तेमाल होने वाले रासायनिक उत्पादों के विकास की प्रक्रिया को बहुत करीब से देखा। सीएसआईआर/जेडेक्स पैरेन्ट्रल के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक मशीनों और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी। संस्थान के प्राचार्य और प्रबंधक ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक दौरों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें उद्योग की जरूरत के अनुसार खुद को ढालने में मदद मिलती है। सभी छात्र इस अनुभव से अत्यंत उत्साहित नजर आए।




बदलेगी सूरत | प्राचीन जंगली शिव महादेव मंदिर कमेटी ने सांसद अशोक रावत का जताया आभार

# एक करोड़ 31 लाख से मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के प्रसिद्ध प्राचीन जंगली शिव महादेव मन्दिर अतरौली के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए 1 करोड़ 31 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर यात्री विश्राम घर,सोलर स्ट्रीट लाइट,वाटर कूलर,समर बोरिंग,यात्री शेड सहित अन्य कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। बताते चले जंगली शिव महादेव मन्दिर क्षेत्र का प्राचीन मन्दिर है प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है और प्रतिदिन सीताराम जाप होता है। सावन में कावड़ियों का आवागमन एक महीने तक रहता है।

सांसद अशोक रावत ने बताया सनातन आस्था को एक विकास की एक नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संसदीय क्षेत्र में जंगली शिव महादेव मन्दिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए स्वीकृति के लिए हृदय से आभार और मन्दिर में आने श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी एवं सनातन आस्था का केंद्र बिंदु बनेगा।



जंगली शिव महादेव मंदिर अतरौली।



जंगली शिव महादेव मंदिर का गेट।





सांसद अशोक रावत। राजेश अवस्थी

जंगली शिव महादेव कमेटी के अध्यक्ष राजेश अवस्थी ने बताया कि कमेटी के अनुरोध पर सांसद अशोक रावत द्वारा मन्दिर के विकास के लिए एक करोड़ 31 लाख की स्वीकृति मिली है, इसके लिए कमेटी की तरफ से सांसद को आभार। बताया कि आने वाले भक्तो को रहने ठहरने की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और मन्दिर में विकास की एक नई नींव रखी जायेगी।

### राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल काफी जर्जर

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण कभी भी गिर जाने से हादसा हो सकता है। बेमौसम की बरसात से उठानी पड़ रही है जहमत। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को भवन स्थानांतरण व जर्जर भवन गिराने को पत्र लिखा। कुरसठ नगर पंचायत में राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन कई सालों से जर्जर अवस्था में है। बुधवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा रमण मिश्रा ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पत्र लिखकर जर्जर चिकित्सालय होने के कारण संपूर्ण कभी भी गिर सकता है। चिकित्सालय भवन के स्थानांतरण के साल - साल व भवन को गिराने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही है।

# दबंग भाइयों पर दो केस और दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** दिनदहाड़े हाईवे पर दहशत फैलाकर दुकानदारों का सामान फेंकने वाले जाहिर और हारिश की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के प्रार्थना पत्र पर 11 लाख रुपए हड़पने और पैसे मांगने पर जान से मार देने की धमकी देने तथा प्रॉपर्टी जबरदस्ती बेचने के लिए दबाव डालने के दो केस और दर्ज किए हैं। पुलिस की ताबड़तोड़ इस कार्रवाई से दहशत फैलाने वाले शहर छोड़ कर फरार हो गए हैं। पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही है।

रविवार को दोपहर 12 बजे मोहल्ला वाजिद खेल निवासी जाहिर खां, हारिश खान एवं उनके अज्ञात साथियों ने लाठी डंडों एवं लोहे की राडों से लैस होकर दुकानदारों का सामान दुकान के बाहर फेंक कर दहशत फैलाई थी। इस सिलसिले में धर्मेंद्र गुप्ता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ जान से मारने की धमकी और लूटपाट का केस दर्ज किया गया। मामला हाई प्रोफाइल हो जाने के बाद शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने दोनों भाइयों पर दो केस और दर्ज कर दिए हैं। थाना पाली के मोहल्ला इमाम चौक निवासी नूरुल खान पुत्र मोहम्मद हुसैन खान के अनुसार 5 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे वह जैसे ही मारुति कार एजेंसी के पास पहुंचा वैसे ही फॉर्च्यूनर कार से जाहिर, हारिश एवं सलमान सिद्दीकी उर्फ लकी तथा कुछ अज्ञात साथियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा माता की तालाब वाली जमीन बेच दो नहीं तो तुम्हें रहने नहीं देंगे। दूसरा केस अशरफ अली पुत्र महबूब अली निवासी मोहल्ला महमंद द्वारा दर्ज कराया गया है।

जिसमें अशरफ अली ने आरोप लगाया कि उसने जाहिर खां को दो किस्तों में 5 लाख और 6 लाख टोटल 11 लाख रुपया दिया था। 6 अप्रैल को जब अपने पैसे मांगे तो जाहिर हारिश अपने अज्ञात साथियों के साथ उसके घर के पास आकर तमंचा लहराते हुए धमकी दी। हरीश ने उसके मुंह पर तमंचा मार दिया और धमकी दी कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो जान से मार डालूंगा। अशरफ अली का आरोप है कि इससे पूर्व जाहिर ने उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी जिसका ऑडियो भी उसके पास है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया अलग-अलग केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है, आरोपी शहर छोड़कर फरार हैं, जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बबली हत्याकांड का आरोपी पेड़ से लटका मिला

**मानपुर / सीतापुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ में हुए चर्चित बबली हत्याकांड के मुख्य आरोपी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से लटका मिला है। पुलिस पिछले कई दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। लहरपुर के नबीनगर निवासी हरिनाम पुत्र जयपाल का शव अशर्फी लाल की बाग में फंदे से लटका पाया गया। बता दें कि तेंदुआ गांव में बबली देवी का शव एक बंद कमरे में मिला था। मृतका के पति इंद्रपाल ने अपने सगे भांजे हरिनाम पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से ही हरिनाम फरार चल रहा था।

### कब्जे के विवाद में खूनी संघर्ष, आठ गिरफ्तार

**महोली।** कोतवाली क्षेत्र के कुसैला गांव में मकान पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कुसैला निवासी सतीश गुप्ता के मुताबिक, उनका मुख्य मार्ग पर स्थित एक मकान व दुकान को लेकर विपक्षी संतोष से विवाद चल रहा है। आरोप है कि देर रात ताला तोड़कर कब्जा करने की सूचना पर सतीश गुप्ता ने मुकदमा दर्ज कराया। ऐसे में जब सतीश दुकान पर पहुंचे, तो दूसरे पक्ष ने कुल्हाड़ी, बांका और बेल्चा से उन पर हमला कर दिया। इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने बताया कि मामले में सतीश गुप्ता, आशुतोष, सतीश, चंद्रिका, संतोष, दीपू, राजू और मेवालाल को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चिंगारी से किसान की गन्ने की फसल जली

**सीतापुर।** खैराबाद ब्लॉक के ग्राम भिमरी में किसान के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। भिमरी गांव निवासी किसान छत्रपाल यादव के मुताबिक, उसने बीज के लिए गन्ने की फसल तैयार की थी। अचानक खेत में अज्ञात कारणों से चिंगारी उठी और आग फैलने लगी। खेत पर मौजूद छत्रपाल के छोटे बेटे सुमित कुमार सहित अन्य लोगों की सूझबूझ से लपटों को बुझाया जा सका।

### विष्णु महायज्ञ का आगाज कलश यात्रा निकली

**हरगांव।** अर्मी में एकादशम विष्णु महायज्ञ एवं विशाल संत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने पौराणिक सूर्य कुंड तीर्थ से कलशों में पवित्र जल भरा और वापस यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां यज्ञाचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कराई। यज्ञाचार्य ने बताया कि इस अनुष्ठान से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा ने साधा जनसंपर्क

**लहरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 'सेवा, सुशासन और अंत्योदय' को समर्पित गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत नगर में व्यापक जनसंपर्क किया गया। ब्लॉक प्रमुख एडवोकेट उमाशंकर वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोहल्ला कटरा और अम्बर सराय में लोगों से संवाद किया। इस दौरान भगवानदीन त्रिवेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई, नगर महामंत्री देवेश अवस्थी, धर्मेंद्र पांडे, सत्यम शुक्ला, संदीप पांडेय, अरुण पांडेय और नगर उपाध्यक्ष शिवम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो दबोचे

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर स्थानीय पुलिस ने कस्बे में हुई चोरी की दो बड़ी घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई नगदी, चांदी के जेवरात और एक अवैध तमंचा भी बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के मुताबिक, थाना प्रभारी आशीष तिवारी की टीम ने घेराबंदी कर बेहड़ा माफी पुलिया के पास से कमलेश उर्फ कमलू निवासी सरांवा हरगांव और सोनेलाल उर्फ सोनू निवासी गंगेई को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मिलकर कस्बे की एक सुनार की दुकान और एक कपड़े की दुकान में चोरी की थी।

### धांधली का आरोप डीएम से शिकायत

**कमलापुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बम्हौरा में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई है। ग्राम निवासी अनीता पत्नी प्रेम कुमार ने चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से पूरी चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिलीं एएनएम, काटा गया 15 दिन का वेतन

**संवाददाता, सीतापुर।**



विद्यालय में छात्र से किताब पढ़वाते डीएम डॉ. राजागणपति। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने खैराबाद ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय गद्दीपुर में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं मिलने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एएनएम किरन त्रिवेदी अनुपस्थित पाई गईं, जिस पर जिलाधिकारी ने उनका 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश एमओआईसी को दिए। वहीं, सत्र की तैयारियां अधूरी मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी और बीपीएम अनुज तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**औचक निरीक्षण में दिये दिशा - निर्देश**

#### बच्चे ठीक से नहीं पढ़ पाए पाठ, प्रधानाचार्य को फटकार

डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय का भी जायजा लिया। कक्षा-2 के छात्रों द्वारा संतोषजनक ढंग से पाठ न पढ़ पाने पर उन्होंने प्रधानाचार्य के प्रति नाराजगी जताई और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने विद्यालय के रसोईघर में भोजन की गुणवत्ता परखी और बच्चों को निर्धारित ड्रेस में आने व साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

## बिना एनओसी भूजल दोहन पर होगी विधिक कार्रवाई

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपद के समस्त भूजल उपयोक्ताओं को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल अधिनियम-2019 और राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, भूगर्भ जल का दोहन केवल विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने समस्त श्रेणी के उपयोक्ताओं से अपेक्षा की है कि वे सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर निवेश मित्र पोर्टल या भूगर्भ जल विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर पंजीकरण सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद में कार्यरत ड्रिलिंग एजेंसियों को भी अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण कराना होगा।

## आईजी ने कमलापुर थाने का किया औचक निरीक्षण



कमलापुर थाने में अभिलेखों की जांच करते आईजी किरण एस।

**संवाददाता, कमलापुर। अमृत विचार :** आईजी किरन एस ने देर शाम कमलापुर थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल, एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार मौजूद रहे। थाने पहुंचने पर आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की गहन जांच की। महिला हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी बबिता शर्मा व गुड़िया से उन्होंने प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की स्थिति जानी। आईजी ने बीट आरक्षियों से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की फीडबैक ली और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



नियुक्ति पत्र के साथ सहायिका कार्यकत्रियां और विधायक शशांक त्रिवेदी।

## विधायक ने 83 सहायिकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**संवाददाता, महोली। अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शशांक त्रिवेदी ने 83 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन और गोदभराई की रस्में भी संपन्न कराई गईं। नियुक्ति पत्रों में 50 पिसावां ब्लॉक और 33 महोली ब्लॉक की सहायिकाएं शामिल रहीं। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डिजिटल निगरानी के लिए जल्द ही स्मार्टफोन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर तीन बच्चों का अन्नप्राशन और तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई। इस अवसर पर बीडीओ प्रशांत कुमार शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद, मिथिलेश यादव, संजीव सिंह, प्रभारी सीडीपीओ मंजूलता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बहराइच का अपहृत फार्मासिस्ट सीतापुर से बरामद

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।**

- **एसओजी टीम ने दबिश देकर पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार**
- **लखनऊ के कमता चौराहे से हुआ था फार्मासिस्ट का अहपरण**

**अमृत विचार:** लखनऊ से अपहृत सरकारी स्वास्थ्य कर्मचारी को सीतापुर में एसओजी टीम ने एक मुठभेड़ के बाद बरामद किया। पुलिस की विशेष शाखा ने धरपकड़ के बीच पांच शातिर गिरफ्तार किये। अपहरणकर्ता लखनऊ और सीतापुर के बताए जा रहे हैं।

दरअसल, जिस सरकारी फार्मासिस्ट इमरान का अपहरण हुआ, वो किसी काम से लखनऊ आया था। लखनऊ स्थित कमता चौराहे के नजदीक वो बहराइच जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। तभी एक कार उसके करीब आकर रुकी, बताते हैं कि उसमें पांच अपहरणकर्ता सवार थे। वाहन चालक ने इमरान से पूछा कि क्या बहराइच जाना है, ऐसे में टैक्सी समझकर फार्मासिस्ट ने हामी भर दी। बताते हैं कि वाहन सवार अपहरणकर्ता फार्मासिस्ट की कई दिनों से रैकी कर रहे थे। ऐसे में उन्हें अपहरण का मौका मिल गया। बैग कार में रखकर इमरान को लेकर वाहन बहराइच जाने के बजाय सीतापुर सीमा में प्रवेश करने लगा तो इमरान शातिरों की मंशा भांपकर विरोध करने लगा। जिस पर कार सवार युवकों ने उसकी पिटाई की और असलहे के बल पर बंधक बना लिया। अपहरणकर्ता फार्मासिस्ट इमरान को लेकर सीतापुर लेकर पहुंचे, जहां बदमाशों ने इमरान के परिवार से फिरौती की रकम मांगी।

> विभागीय फार्मासिस्ट इमरान के अपहरण की सूचना मिली थी, पता चला है कि उसे सीतापुर पुलिस ने बरामद कर लिया है, अपहरकर्ता पकड़े गए हैं, स्थानीय स्तर पर विभागीय प्रक्रिया प्रचलित है। - डॉ. संजय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच

#### मांगी थी फिरौती

पूछताछ में पता चला है कि आरोपियों ने इमरान के परिवार से दस लाख रुपये से कहीं अधिक फिरौती में मांगे थे। जिसमें डेढ़ लाख की रकम एक खाते में ट्रांसफर भी हुई।

#### हत्या करने का था प्लान

अपहरणकर्ता बहराइच और बस्ती के रिश्तेदारों से इमरान को छोड़ने के एवज में बीस लाख से अधिक रकम देने के लिए बराबर दबाव बना रहे थे। जब उनके खाते में नाम मात्र का पैसा आया तो इमरान की हत्या का प्लान बना लिया।

## किंग अस्पताल के बाद नवजीवन क्लिनिक भी सील

**कमलापुर।** सिधौली कस्बे में एक गर्भवती महिला की मौत के मामले में प्रशासन का हंटर लगातार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बिसवां मार्ग स्थित नवजीवन क्लिनिक को सील कर दिया। इससे पूर्व इस प्रकरण में किंग अस्पताल पर भी तालाबंदी की गई थी। बताते चलें कि अटरिया निवासी विवेक शुक्ला की गर्भवती पत्नी मानसी की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पीड़ित का आरोप था कि किंग अस्पताल में गलत तरीके से गर्भपात किए जाने के बाद हालत बिगड़ने पर महिला को नवजीवन क्लिनिक रेफर किया गया था, जहां स्थिति और अधिक खराब हो गई। उधर, एसडीएम राखी वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नवजीवन क्लिनिक पहुंचकर उसे सील करने की कार्रवाई की। किंग अस्पताल के दो डॉक्टरों पर पहले ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

## ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बिसवां।** बड़े चौराहे के पास सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर की जान चली गई। ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक फिसलने से यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहल्ला गोपाल नगर निवासी आशीष गुप्ता का पुत्र शौर्य गुप्ता (17) अपने भतीजे को एलपीएस स्कूल छोड़कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। सब्जी मंडी के पास स्थित वाइन शॉप के सामने शौर्य ने आगे चल रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और शौर्य सीधे ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गया। हादसे में किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



शौर्य गुप्ता (फाइल फोटो)



कब्जे को ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

## चला बुलडोजर, जमीन मुक्त

**संवाददाता, सदरपुर। अमृत विचार :** तहसील प्रशासन ने कस्बे में बड़ी कार्रवाई करते हुए तालाब की भूमि पर बने दशकों पुराने मकान को जेसीबी से जमींदोज कर दिया। इस दौरान हंगामे की आशंका के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सदरपुर कस्बा निवासी असगर अली उर्फ पहाड़ी पुत्र मुन्ना ने तालाब की गाटा संख्या 379 पर करीब 35 वर्षों से मकान बना रखा था। उपजिलाधिकारी एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राकेश पाल व राकेश त्रिवेदी, राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ढहा दिया। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पीएसी के साथ सदरपुर और रामपुर मथुरा थाने की पुलिस मौजूद रही।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों से नोकझोंक

**सीतापुर।** पिसावां स्थित गुरसंडा चौराहा पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। राजस्व और विकास विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह और पुलिस बल की मौजूदगी में जैसे ही जेसीबी चली, दुकानदारों ने विरोध दर्ज कराया। दुकानदारों का कहना था कि पहले कम दूरी तक अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी, लेकिन अब दायरा बढ़ाया जा रहा है।

## कब्जेदारों को विभाग थमाएगा नोटिस

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** शारदा प्रखंड नहर के सरकारी आवासों में बाहरी व्यक्तियों के अवैध कब्जे की खबर छपने के बाद विभाग हरकत में आ गया है। इस मामले में सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता और क्वार्टर एलाटमेंट कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी बाहरी व्यक्ति को कोई आवास आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि विभाग की भूमि पर कोई कब्जा है, तो इसकी जिम्मेदारी शारदा प्रखंड की है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए शारदा नहर प्रखंड के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल ने बताया कि यदि कोई भी बाहरी व्यक्ति परिसर की सरकारी भूमि पर झोपड़पट्टी डालकर या अन्य किसी भी रूप में अवैध कब्जा कर रह रहा है, तो उन्हें तत्काल स्वयं भूमि खाली करने का नोटिस दिया जाएगा।

## जीआरपी डीजी ने किया आरक्षी बैरक का उद्घाटन



बैरक का उद्घाटन करते डीजी जीआरपी।

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** डीजी रेलवे प्रकाश डी ने सीतापुर स्टेशन के पास नवनिर्मित आरक्षी बैरक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा जीआरपी का प्राथमिक दायित्व है और जवानों को आधुनिक सुविधाएं मिलने से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। डीजी ने कहा कि रेलवे लाइनें पूरी तरह सुरक्षित हैं और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। उन्होंने बताया कि कई संदिग्धों को गिरफ्तार कर साजिशों को नाकाम किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो आरक्षियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान रेलवे और पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में 100 मरीजों की हुई जांच

**बिसवां।** तहसील क्षेत्र के ग्राम राजाडीह में समाजसेवी शमी खान के सौजन्य से सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी आंखों का परीक्षण कराया। चिकित्सकीय टीम ने कुल 100 मरीजों की जांच की, जिनमें से 65 मरीजों को मौके पर ही नि:शुल्क दवाएं और चश्मे वितरित किए गए। वहीं, मोतियाबिंद से पीड़ित 35 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए नि:शुल्क बस द्वारा सीतापुर अस्पताल भेजा गया। डॉ. आयुषी सरण के नेतृत्व में पहुंची टीम में विजेंद्र सिंह, मोनू वर्मा, गुलफाम, सदफ, मुकेश व राजेश शामिल रहे।

## अनिल बने निरीक्षक, एसपी ने लगाए स्टार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनपद में तैनात उपनिरीक्षक अनिल कुमार को पदोन्नति मिलने पर निरीक्षक पद के स्टार लगाए और उन्हें नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल ने ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नत हुए अनिल कुमार के कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी। एसपी ने कहा कि पदोन्नति के साथ ही पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारियां और कर्तव्य भी बढ़ जाते हैं।

## अभियान की सफलता को विभागों ने कसी कमर

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी ने संचारी रोगों से बचाव और अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी दी। बीएमसी गौरव सक्सेना ने भी तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार जायसवाल, बीसीपीएम मनोज वर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. भारतेंदु वर्मा, डॉ. प्रशांत गौतम, सत्येंद्र कुमार वर्मा, रितेश तिवारी और अभिषेक अवस्थी सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा निकाल कर मनाया गया रामोत्सव

**लहरपुर।** स्थानीय रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में रामोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विसवां गेट, शहर बाजार, मजासाह चौराहा, जोशीताल, केशरीगंज सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई तहसील के समीप संपन्न हुई। इस दौरान बाइक सवार कार्यकर्ताओं के जय श्री राम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विहिप कोषाध्यक्ष प्रमोद, जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदोरिया, जिला संगठन मंत्री अरविंद, जिला मंत्री आशीष मिश्रा, विशाल निगम, मयंक टंडन, शिवम तिवारी और राज शुक्ला सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मनोनीत सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम मिश्रिख। अमृत विचार

## मिश्रिख: पांच मनोनीत सभासदों ने ली शपथ

**मिश्रिख।** नगर पालिका परिषद में आयोजित समारोह में एसडीएम अभिनव यादव ने शासन द्वारा मनोनीत पांच नए सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में आलोक सिंह, अंकित शुक्ला, देवेंद्र नंदवंशी, शुभम दीक्षित और संदीप राजवंशी शामिल हैं। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रामकृष्ण भार्गव ने सभी नए सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, रामगोपाल अवस्थी, ईओ विंध्याचल, अजय भार्गव और विजय भार्गव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## मोनू इलेवन और कुंज इलेवन की धमाकेदार जीत

**लहरपुर।** मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर चल रहे सीतापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 में रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें मोनू इलेवन और कुंज इलेवन ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। पहले मैच में मोनू इलेवन ने गत विजेता मलिक गारमेंट्स को करारी शिकस्त दी। मलिक गारमेंट्स की टीम अलीम, महताब और सुहेल की घातक गेंदबाजी के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और महज 44 रनों पर सिमट गई। जवाब में मोनू इलेवन के सलामी बल्लेबाज सलमान ने 2.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। महताब को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मौजी इलेवन ने फैज (69) और रबी राजा (45) की बदौलत 132 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुंज इलेवन की ओर से शाकिब मिर्जा ने 47 रनों की धुआंधार पारी खेली।



कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन करते एएसपी व एडीएम।

## एएसपी ने परखी न्यायालय परिसर की सुरक्षा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह ने न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन तलाशी लेने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और कोर्ट परिसर के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को भी परखा गया।

# आंधी से पेड़ उखड़े, विद्युत पोल भी गिरे

**सीतापुर कार्यालय।**



मिश्रिख इलाके में तेज आंधी के बाद मुख्य मार्ग पर गिरा विद्युत पोल।

**अमृत विचार :** जनपद में तीसरे दिन भी मौसम बिगड़ा रहा। दिन में चली तेज हवाओं के बाद देर शाम आंधी आई, इस दौरान बारिश भी हुई। बिगड़े मौसम ने तीसरे दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नुकसान किया। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मिश्रिख- सिधौली रोड मार्ग पर पेड़ गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया, वहीं संदना में सड़क पर विद्युत पोल गिरने के कारण यातायात देर रात तक बाधित रहा।

कोचपुर गांव में एक भारी पेड़ सीधे ट्रांसफार्मर पर जा गिरा, जिससे बिजली के उपकरण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही रामपुर मथुरा, थानगांव, लहरपुर, महोली, इमलिया सुल्तानपुर, आट, पतौंजा, बिठौली और शिवपुरी समेत अन्य इलाकों में बिजली के खंभे और पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। मौसम के इस बदले मिजाज से किसानों की फसल को भी भारी नुकसान हुआ, आम का छोटे फल बड़ी संख्या में बाग में टूट कर गिर गए हैं।

#### बारिश से फसल पर संकट

रुक-रुक कर हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की फसलों का नुकसान पहुंचाया। खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर संकट है। गरज-चमक के साथ हुई वर्षा ने कटाई और मड़ाई के कार्यों पर ब्रेक लगा दिया है। किसान राजेश सिंह, रामचन्दर, बबलू आदि के मुताबिक, रुक-रुककर हो रही बारिश से फसल पूरी तरह भीग चुकी है, जिससे न तो उसकी कटाई हो पा रही है और न ही थ्रेसिंग का कार्य हो रहा है।

#### आंधी में पेड़ गिरने से कोचिंग जा रहा छात्र गंभीर

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुबनगर मार्ग पर कुदरत का कहर देखने को मिला। तेज आंधी-तूफान के दौरान सड़क किनारे खड़ा एक विशाल आम का पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आकर एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। गरसंडा गांव निवासी रजनीश यादव का 20 वर्षीय पुत्र आदित्य यादव देर शाम करीब 6 बजे स्कूटी से कोचिंग के लिए पिसावां जा रहा था। वह जैसे ही नेवदिया गांव के पास जायसवाल धर्म कांटा के पास पहुंचा, तभी अचानक आए तेज अंधड़ के कारण एक पुराना आम का पेड़ उसकी स्कूटी पर धराशायी हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ की टहनियों को हटाकर छात्र को बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। घायल आदित्य को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## हिस्ट्रीशीटर समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

**बिसवां।** जनपद में सक्रिय वाहन चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिसवां कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक हिस्ट्रीशीटर समेत दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के मुताबिक, गठित पुलिस टीम ने चौकी इटिया शहीद के पास से घेराबंदी कर करन शुक्ला निवासी मानपुर और सूरज यादव निवासी इमलिया सुल्तानपुर को दबोचा। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त करन शुक्ला मानपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मामले पूर्व में दर्ज हैं।

## संविधान विरोधियों को उखाड़ फेंकने का संकल्प




जनसभा को संबोधित करते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

**संवाददाता, हरगांव। अमृत विचार :** हरगांव में आयोजित 'संविधान बचाओ संवाद' सम्मेलन में हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ हुंकार भरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस अनुसूचित जाति सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि संविधान का विरोध करने वाले देश के गद्दार हैं और कांग्रेस इन्हें सत्ता से बाहर करने का संघर्ष लड़ रही है। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि विष्णु गौतम के नेतृत्व में कांग्रेस आगामी चुनावों में हरगांव से बड़ी जीत दर्ज करेगी। सम्मेलन के संयोजक विष्णु गौतम ने क्षेत्र से संविधान विरोधी ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया।

# बैसाख में सावन-भादों जैसी बारिश, किसानों की बढ़ गई चिंता

## मौसम के बदले तेवर ने किसानों की तोड़ी कमर, खेतों में बिखरी पड़ी फसल, जलभराव के चलते फसल सड़ने की कगार पर पहुंची

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** इस समय बैसाख माह में मौसम ने ऐसी करवट ली है कि सावन-भादों की घटाएं भी फीकी पड़ती नजर आ रही हैं। आमतौर पर जहां बैसाख के महीने में तेज धूप और गर्मी का प्रकोप देखने को मिलता है, वहीं इस बार लगातार बारिश, घने बादल और तेज हवाओं ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह बदल दिया है। लगातार हो रही बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा दी है। किसानों की हालत बेहद चिंताजनक हो गई है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल, कटाई के बाद खुले में रखी उपज और बागों में लगे आम के पेड़ इस बारिश और आंधी की मार झेल नहीं पा रहे हैं। कई खेतों में जलभराव से फसल सड़ने की कगार पर पहुंच गई है।

दीनशाह गौरा ब्लाक के पूरे भीखा निवासी किसान चन्द्र भान सिंह चौहान, सिद्धौर जगतपुर निवासी समर बहादुर यादव, शिव मोहन ओझा, चन्द्र केश सिंह, पुरे तेवराइन ऊंचाहार निवासी शिवकेश पांडेय, कशीखेड़ा भोजपुर निवासी भगवती प्रसाद शुक्ला व गोपाल कृष्ण शुक्ला, जमोड़ी जगतपुर निवासी केशव अग्निहोत्री, शिवकेश पांडेय,


शिवकेश पांडेय।


अमित द्विवेदी।


शिवमोहन ओझा।


समर बहादुर यादव।

अमित द्विवेदी व समर बहादुर यादव सहित कई किसानों ने बताया कि "ऐसा बैसाख पहले कभी नहीं देखा।" इस बेमौसम बरसात और आंधी से गेहूं, सरसों, सब्जी आदि की फसल के साथ ही आम के बाग को बहुत ही नुकसान हुआ है। खड़ी फसलें तेज हवाओं से गिर गईं और कटी हुई फसलें जमीन पर फैल गई है। बारिश से गट्ठर भीग गए। कई जगहों पर मड़ाई का काम रुक गया। सरसों की फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो गई। किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर खेती की थी। अब फसल बर्बाद होने से उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। किसानों ने सरकार और प्रशासन से मुआवजा देने और फसल बीमा योजना के तहत शीघ्र सहायता प्रदान करने की मांग की है।

> इन दिनों हो रही बारिश गेहूं की फसल के लिए बेहद चिंताजनक है। किसान परेशान न हो। बारिश होने के 72 घंटे के अंदर सभी किसान भाई टोल फ्री नंबर-14447 पर सूचित करें, ताकि फसलों का समय से सत्यापन करके उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जा सके। अब तक लगभग 2900 ऐसे मामले उनके संज्ञान में आए हैं। जिनमें अधिकांश का सत्यापन किया जा चुका है। शेष पर कार्रवाई तेजी से चल रही है। विभागीय टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर किसानों की फसलों का लगातार सत्यापन किया जा रहा है।
>
> 
>
> -विनोद कुमार, कृषि निदेशक, रायबरेली।

**बे-मौसम बारिश और आंधी ने तोड़ी किसानों की कमर, उम्मीदों पर फिरा पानी, शिवगढ़:** बे-मौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। मंगलवार की शाम करीब सात बजे आई तेज आंधी के साथ शुरु हुई बेमौसम बारिश लगातार 12 घण्टे हुई। बुधवार की सुबह 8 बजे बारिश थमी तो किसानों ने थोडा राहत की सांस ली। मौसम साफ होने और गेहूं, सरसों की मड़ाई का इंतजार कर रहे करीब 95 प्रतिशत किसानों की उम्मीदें टूट चुकी है।


आंधी-पानी से खेत में गिरी गेहूं की फसल देखता किसान। अमृत विचार

कृषक नन्दकिशोर तिवारी, रामकिशोर मौर्य, बब्लू वर्मा, सपा नेता श्रवण कुमार, ओम प्रकाश, सोनू हाण्डा, जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, केतार पासी, संगीत मिश्रा आदि किसानों का कहना है कि पिछले 20 दिनों से लगातार मौसम खराब है, 15 दिनों के अन्दर 3 बार बारिश के साथ आई तेज आंधी तथा पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से पहले ही खेत में हजारों हेक्टेयर गेहूं सरसों की फसल गिरकर बर्बाद हो चुकी है, जो कुछ कसर बची थी वह मंगलवार की शाम से बुधवार की सुबह तक हुई बारिश ने पूरी कर दी। आलम यह है कि लगातार हो रही बारिश से बालियों और छीमियों में गेहूं,सरसो की फसल अंकुरित होने लगी है। किसानों ने सरकार से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। वहीं इस संबंध में दिलीप सोनी, एडीओ एग्रीकल्चर का कहना है कि जिन किसान भाइयों की फसल को नुकसान हुआ है, वे फसल बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर 14447 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि हुए नुकसान का आकलन कर उन्हें सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### एडीएम ने नुकसान का किया आकलन


बारिश से फसल में हुए नुकसान का निरीक्षण करतीं अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में लगातार खराब मौसम और अत्यधिक वर्षा के बीच प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने बुधवार को सदर तहसील के देदौर व चिलौली, डलमऊ तहसील के मधुकरपुर व सुल्तानपुर जाला तथा लालगंज तहसील के गोविन्दपुर किलौली और तौधकपुर गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसल क्षति, मकान एवं संपत्ति के नुकसान के साथ-साथ अन्य संभावित प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। साथ ही जनसुरक्षा और राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहानि, पशुहानि और फसल क्षति की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लगातार भ्रमण करने और नुकसान का सही आकलन करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है,

## न्यूज ब्रीफ

### गैस लेने गए युवक से बाइक सवारों ने छीना सिलेंडर

**बछरावां :** कस्बे में लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सैयद बाबा मजार के पास बुधवार दोपहर गैस सिलेंडर छीनने की घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जानकारी के अनुसार गणेशपुर तद्दीपुर निवासी पंकज अपनी बहन की शादी की तैयारी के लिए गैस सिलेंडर लेने गया था। पंकज ने बताया कि वह सिलेंडर लेकर अपने साथी को देखने के लिए कहकर गैस एजेंसी पर किताब जमा करने गया था। इसी दौरान बाइक सवार अज्ञात बदमाश उसके साथी से जबरन सिलेंडर छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत 112 पुलिस को सूचना दी और स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच हुई इस घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है।

### दबंगों ने चालक व परिचालक को पीटा

**खीरों :** खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी चौराहे पर मंगलवार की शाम रोडवेज बस के चालक और परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रायबरेली डिपो की बस संख्या यूपी 33 एटी 5531 मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता बस सेवा के तहत रायबरेली से गुरुबक्शगंज, खीरों, सेमरी होते हुए सरेनी जा रही थी। परिचालक सोहनलाल यादव निवासी बसावनखेड़ा ने बताया कि सेमरी चौराहे पर बस रुकने के बाद वह और चालक अमित कुमार यादव पानी पी रहे थे, तभी दो अज्ञात युवक वहां आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और चालक-परिचालक को घेरकर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने परिचालक का कैश बैग छीनने का भी प्रयास किया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें देख आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल पीआरबी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिचालक ने लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण बैंक में एक महीने से कैश की किल्लत

**महराजगंज :** क्षेत्र के हलोर बाजार स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में पिछले एक महीने से नकदी का संकट बना हुआ है। बैंक में पैसा न होने के कारण उपभोक्ताओं को अपनी ही जमा राशि निकालने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। इलाज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए पैसे न मिलने से लोग निराश हैं। इलाज के लिए पैसे निकालने गए मझिगवां के पूर्व प्रधान किरसन लकवा की बीमारी से जूझ रहे हैं। घंटों लाइन में लगने के बाद भी कैश न मिलने से सूर्य नारायन शुक्ला, मनीष मिश्रा, प्रभाकर पटेल, वैभव कुमार, देवेंद्र शुक्ला, बृजेंद्र भदौरिया, अंकित कुमार, शाहिद अली, धनेश वैश्य आदि उपभोक्ताओं ने कहा अपना ही पैसा बैंक से नहीं निकाल पा रहे हैं। शाखा प्रबंधक पंकज कुमार गौतम के अनुसार मुख्यालय से कैश की आपूर्ति न होने से समस्या पैदा हुई है।

### पेड़ काटने का आरोप

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे महरानी मजरे देवगांव में जबरन हरा पेड़ काटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित नीतू पत्नी सुशील ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि गांव के ही बिहारी, राज बहादुर और राजेंद्र ने उनका हरा गूलर का पेड़ काट उठा ले गए हैं।

# गैरइरादतन हत्या के मामले में दोषी जेठ को आठ साल का कारावास

- महराजगंज थाना क्षेत्र में दो साल पहले हुई थी महिला की हत्या

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोर्ट ने महराजगंज थाना क्षेत्र में करीब दो साल पहले हुई महिला की गैरइरादतन हत्या के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर आरोपी जेठ को आठ वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित कोर्ट संख्या दो की अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिमा ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) उमानाथ सिंह के मुताबिक मामले की रिपोर्ट मृतका के पिता राजाराम ने थाना महराजगंज में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 13 जून 2023 की शाम वादी की बेटी आशा अपने गांव में बच्चों के साथ खेतों में भैंस चराने गई थी। इसी दौरान खेत में काम कर रहे उसके जेठ रामराज ने फावड़े से उस पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में आशा को सीएचसी महराजगंज से ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।



पुलिस ने विवेचना के बाद महराजगंज थाना क्षेत्र के असनी निवासी रामराज के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर गैरइरादतन हत्या का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी (मृतका के जेठ) को आठ वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# पथ संचलन की रणनीति पर हुई चर्चा

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** लालगंज के सीएमपीएस इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मंडल स्तर पर मजबूत करने और धर्म जागरण की गतिविधियों को तेज करने पर चर्चा हुई। जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि समाज के सहयोग से ही सनातन संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण संभव है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को समाज में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में 12 अप्रैल को प्रस्तावित पथ संचलन कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक के दौरान जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम एक उत्सव लान से शाम 4 बजे शुरू होगा, जिसमें स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश में समय से पहुंचने का आह्वान किया गया। स्वयंसेवकों की बैठक का संचालन अशोक शुक्ला ने किया, जबकि अध्यक्षता चंद्र कुमार तिवारी ने की।


धर्म जागरण की बैठक में मौजूद स्वयंसेवक बंधु। अमृत विचार

**बैठक**

- स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश में समय से पहुंचने का आह्वान

बैठक के दौरान दीप प्रकाश शुक्ला, विवेक शर्मा, देवेश अग्निहोत्री, कैलाश बाजपेई, राजन अवस्थी, संजय चड्ढा, देवेंद्र अवस्थी, राजेंद्र यादव, सुरेंद्र गुप्ता, चंदन त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### शार्टसर्किट से डेढ़ बीघा तैयार गेहूं की फसल स्वाहा

**सलोन (रायबरेली)।** विद्युत शार्टसर्किट के चलते डेढ़ बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। कोतवाली क्षेत्र के ममुनी गांव में बुधवार की दोपहर शार्ट सर्किट ने किसानों की एक साल की मेहनत को राख कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को मौसम खराब होने के चलते तेज हवाएं चल रही थी। गेंहू की फसल के ऊपर 11 हजार की एचटी लाइन गुजरी है। ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवा होने के चपटे विद्युत लाइन आपस मे टकरा गई थी, जिससे अचानक निकली चिंगारी गेंहू की फसल पर गिर गईं और देखते ही देखते आग फसल को राख करना शुरू कर दिया। वही आगजनी की सूचना पर पहुंची फायर टीम ने पानी की बौछार डालकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन प्रभारी गोपी चंद्र मिश्रा ने बताया कि शार्टसर्किट से आग लगी है। आगजनी में सुंदरलाल, ललया की दस बिस्वा खड़ी फसल, मोहम्मद असरफ की एक बीघा गेंहू की फसल, विज्मा देवी की 15 बिश्वा गेंहू की फसल जलकर राख हुई है।


गेहूं की फसल जलने के बाद मौके पर खड़े किसान।

### गोष्ठी में आचार्य द्विवेदी के जीवन पर हुई चर्चा

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक आफिसर एसोसिएशन ने युग परिवर्तक आचार्य महावीर प्रसाद दिवेदी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। संरक्षक विनोद शुक्ला ने आचार्य महावीर प्रसाद दिवेदी के जीवनपर प्रकाश डाला। अध्यक्ष सुयश मिश्रा, कोषाध्यक्ष पारुल गौरव ने आचार्य जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संगठन के पदाधिकरियो ने गोष्ठी में भाग लिया। इस मौके पर कलशी गुरंग व अन्य लोग मौजूद रहे।


विचार गोष्ठी में मौजूद बैंक के कर्मचारी।

### गोष्ठी का हुआ आयोजन

**लालगंज।** गेगासो मंडल के उतरा गौरी ग्राम में गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला और मंडल महामंत्री दल बहादुर सिंह ने कहा कि भाजपा हर साल 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस मनाती है। 980 में अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भाजपा का गठन हुआ था। शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि स्थापना दिवस आत्ममंथन, प्रेरणा और संकल्प का दिन है, जिससे पार्टी राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़े। इस अवसर पर बृजेंद्र सिंह, हिमांशु सिंह, श्यामू दीक्षित, हरिकेश सिंह, शंकर साहू, विनोद बाजपेई, आलोक दीक्षित, शिवम दीक्षित, आशु दीक्षित आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डंपर ने साइकिल सवार बुजुर्ग को कुचला, मौत

**डलमऊ।** गदागंज थाना क्षेत्र के वन पुरवा निवासी राजा रामपाल (60) मुराई बाग से साइकिल से नमक की बोरी लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में डलमऊ-ऊंचाहार मार्ग पर आर्यन दीप स्कूल के निकट पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे बुजुर्ग किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। घटना में शामिल डंपर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियो की माने तो डंपर का चालक लापरवाही पूर्वक चल रहा था जिससे घटना हुई घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाल ने बताया कि हादसे के बाद कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ डंपर की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### स्मार्ट मीटर से कटी बिजली, बिल जमा करने को केंद्रों पर उमड़ी भीड़

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद बैलेंस समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को बिजली बहाल कराने के लिए बिल जमा करने हेतु केंद्रों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार कई उपभोक्ताओं के घरों की बिजली एक सप्ताह से लेकर 15 दिन तक बाधित रही। विद्युत आपूर्ति बहाल कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग बिल जमा करने पहुंचे। इस दौरान लगभग 70 उपभोक्ताओं ने करीब 60 हजार रुपये का भुगतान किया। उपभोक्ताओं रमेश कुमार, कालीचरण, शुभाकर, दिनेश और सुरेश ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बैलेंस खत्म होते ही बिजली कट गई, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। बिल जमा करने के बाद ही आपूर्ति बहाल किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता चन्द्रेश पटेल ने बताया कि उपभोक्ताओं को समय पर रिचार्ज/बिल भुगतान के लिए जागरूक किया जा रहा है, ताकि बिजली कटने की समस्या से उपभोक्ताओं को बचाया जा सके।

# रंजिश में दो पक्षों में हुई मारपीट में 11 लोग घायल, पांच रेफर

- नटई मजरे कोटवा में जमीनी विवाद के चलते हुई मारपीट

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नटई मजरे कोटवा में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर लाठी डण्डे चले। जिसमें दोनों पक्षों पांच महिलाएं समेत कुल 11 लोग जख्मी हो गए। घायलों का सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें पांच को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

घायलों में एक पक्ष से बिटाना पत्नी भुल्लन (60), पूर्णमासी पुत्र परीदीन (50), सरिता पुत्री पूर्णमासी (19), रामकेश पुत्र भगौती प्रसाद (30), रूपरानी पत्नी रमेश (40), श्यामू पुत्र भुल्लन (26), अरुणा पुत्री पूर्णमासी (22) घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से बृजेश सिंह पुत्र शिवसागर सिंह (50), धर्मेंद्र सिंह पुत्र रत्नाकर कुमार सिंह (30), जितेंद्र सिंह पुत्र शिवसागर सिंह (35), रोशनी सिंह पत्नी देवेश सिंह (28) घायल हो गए। जिनमें एक पक्ष से बिटाना, रामकेश, श्यामू, पूर्णमासी वहीं दूसरे पक्ष से रोशनी सिंह की हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात पांचों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि 2 पक्षों में मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


मारपीट के बाद सीएचसी में इलाज करवाते घायल। अमृत विचार

**भइया-भाभी ने दिव्यांग बहन को पीटा, बछरावां:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुर्री गांव निवासी प्रिया पुत्री रामस्वरूप (21) बीती मंगलवार की देर रात भाभी से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इस दौरान भाभी ने पहले उसकी पिटाई की फिर उसके भाई विकास ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल को सीएचसी बछरावां ले जाया गया। बताया जा रहा है कि घायल पीड़िता दिव्यांग है। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

**आयोजन**

**समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिवप्रसाद, प्रधानाध्यापक व शिक्षिका को दी गई विदाई**

# शिक्षक खुद को जलाकर फैलाता है ज्ञान का प्रकाश : बीएसए

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शिक्षक वह ज्योति हैं जो खुद को जलाकर सदैव ही ज्ञान की रोशनी फैलाता रहता है। उक्त विचार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कम्पोजिट विद्यालय कोटवा मदनियां में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

समारोह में निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है, वह सदैव ही ज्ञान का प्रकाश फैलाता रहता है। समाजसेवी दिनेश राठौर, आरएसएम प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, बीईओ राम मिलन यादव, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने विचार व्यक्त किया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिवप्रसाद, प्रधानाध्यापक रही प्रेमलता व शिक्षिका मीरा अवस्थी को विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय दौतरा के शिक्षक आशीष सिंह, विष्णु साहू, संजीव बाजपेई व शिक्षक वीरेंद्र प्रजापति को सम्मानित किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक वारिस अली, ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर सिंह, सोनिया अवस्थी, स्वाति यादव व धर्मेश यादव ने अतिथियों का सम्मान किया। संचालन आलोक द्विवेदी व विमला यादव ने किया।



समारोह में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त शिक्षक व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

इस मौके पर प्रदेश मंत्री श्वेता, जिला महामंत्री संजय कनौजिया, जयकरन, रणविजय सिंह, यादवेन्द्र सिंह, ब्लॉक महामंत्री राकेश गौतम, हेमंत सिंह, देशबंधु चौरसिया, फूलचंद्र यादव, पंकज सिंह, राधारानी आदि लोग मौजूद रहे।


समारोह में पुरस्कृत किए गए बच्चे, मौजूद अन्य। अमृत विचार

**कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव, खीरों:** बुधवार को खीरों क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बरौंडी व प्राथमिक विद्यालय मथुराखेड़ा में वार्षिकोत्सव, परीक्षाफल वितरण, स्कूल चलो अभियान व पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बीईओ मुकेश कुमार और शिक्षक नेता श्याम शरण यादव, शिक्षक संजीव कुमार, सुरभि, सचिन, राजेश कुमार, विश्वनाथ, सरिता, सचिन, संतोष कुमार आदि द्वारा समस्त कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों का माल्यर्पण करके प्रमाण पत्र, मेडल व पुरष्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सेवा निवृत्त शिक्षक नेता दान बहादुर सिंह, रविशंकर, शिक्षक दुष्यंत सिंह, मनीष कुमार, गोवर्धन प्रसाद, शशिकांत, मनीषा, शिक्षामित्र संतोष यादव आदि सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

## फटकार के बाद पशु का इलाज करने पहुंचे डॉक्टर

**लालगंज (रायबरेली) :** लालगंज सरकारी पशु चिकित्सालय के चिकित्सक घायल पशुओं के इलाज में लापरवाही बरत रहे हैं। कस्बे के हनुमान मंदिर के पास तीन-चार दिनों से एक नंदी बैल घायल अवस्था में पड़ा था। लोगों ने बताया कि पशु चिकित्सालय के डॉ. सुधीर को फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम ने पशु चिकित्सक को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद बुधवार को मौके पर पहुंच कर पशु चिकित्सक ने घायल नंदी बैल का इलाज किया। जिसे गौशाला भेजवाया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

## ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** ड्यूटी के दौरान निरीक्षण पर गईं पंचायत विभाग की एक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सड़क हादसे में बुधवार को घायल हो गईं। घटना के बाद अज्ञात मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाना में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, रीना श्रीवास्तव निवासी ग्राम पूरे शिवा सिंह मजरे निहालगढ़ सैदापट्टी, थाना बाजार शुक्ल, वर्तमान में विकास खंड बाजार शुक्ल में पंचायत विभाग में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। बताया गया कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महोना-पश्चिम में निरीक्षण के लिए गई थीं। इसी दौरान एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रीना श्रीवास्तव सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

## हिंगलाज मंदिर में भंडारा आयोजित

**मुसाफिरखाना (अमेठी) :** क्षेत्र के दादरा गांव स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज मंदिर पर चल रहे विशाल महायज्ञ के समापन के बाद बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के कई गाँवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान दल दपट बहादुर सिंह ने बताया कि हिंगलाज मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहाँ हर शुक्रवार और सोमवार को दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं और मनोकामनाएँ पूर्ण होने की कामना करते हैं। यह महायज्ञ कई वर्षों से सामूहिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में फतेह बहादुर सिंह, हंसराज सिंह, अमरपाल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे भंडारा देर रात तक चलता रहा।

## छात्रों को मिली नई किताबें, छाई मुस्कान

**महराजगंज (रायबरेली) :** क्षेत्र के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय हलोर में नए शैक्षणिक सत्र के तहत बुधवार को छात्रों को नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरों खुशी से खिल गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अवस्थी व हलोर प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी द्वारा छात्रों को पुस्तकें वितरित की गईं। प्रधानाध्यापक सुरेश द्विवेदी ने बताया कि विद्यालय में कुल 148 छात्र नामांकित हैं जिनमें से 92 छात्रों को पुस्तकें वितरित की गई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी महराजगंज राममिलन यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालयों में समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण सूनिश्चित किया गया है।

# अवैध कब्जे के विरोध में भाकियू आक्रोशित

## आंदोलन दी चेतावनी: सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर मोर्चा खोलते हुए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** कस्बा इन्हौना में सरकारी भूमि, तालाब और किला पर कथित अवैध कब्जों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कब्जाधारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने के दौरान भाकियू की महिला जिला अध्यक्ष शमीमा खान ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान सुश्री अमरीन और उनके परिजनों द्वारा सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण कराया गया है। साथ ही अन्य लोगों को भी संरक्षण देकर जगह-जगह सरकारी भूखंडों पर कब्जा करवाया गया। इसी क्रम में भाकियू कार्यकर्ता प्रीती पटवा, शुभम कुमार, अयाज अहमद, कदीर और ब्लॉक उपाध्यक्ष सिंहपुर प्रीती पटवा समेत अन्य कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे और तहसीलदार अभिषेक यादव को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कराई जाएगी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। शमीमा खान ने कहा कस्बा इन्हौना में खुलेआम सरकारी जमीनों पर कब्जा हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि शीघ्र ही कब्जा नहीं हटाया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भारतीय किसान यूनियन अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और जन आंदोलन करने को बाध्य होगी।

वहीं तहसीलदार अभिषेक यादव ने मामले को गंभीरता से लिया गया है। जांच के लिए टीम गठित कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

## पोस्टर विवाद पर सपा का अल्टीमेटम, एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी।** जिले में समाजवादी पार्टी ने यूपी सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अल्टीमेटम जारी किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक पोस्टर को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी व आक्रोश देखने को मिल रहा है। कार्रवाई न होने पर सपा नेताओं ने बड़े आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि बीते दिन जिले के विभिन्न स्थानों पर सपा प्रमुख के खिलाफ पोस्टर लगाए गए, जिससे माहौल खराब करने की कोशिश की गई, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि सपा प्रमुख के खिलाफ लगाए गए पोस्टर बेहद निंदनीय हैं और यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ हैं और समाज में इसका गलत संदेश जाता है। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद अब तक दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, जो चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो समाजवादी पार्टी व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सपा अपने नेता के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। इस मौके पर जिला महासचिव अरशद अहमद, मनीराम वर्मा, चंद्रशेखर यादव, सोनू अंसारी, राम प्रसाद यादव, गुंजन सिंह, दीपू तिवारी, वसीम खान, अशोक कुमार सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इसकी जानकारी राजेश मिश्र प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने दी।



एएसपी को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सीएचसी में दोनों पक्षों में फिर चले ईंट-पत्थर, मची अफरा-तफरी





घटना के बाद जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

**13 पर केस दर्ज**

- अचली गांव में देररात परीक्षण के दौरान आपस में हुई थी भिड़ंत

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे अचली गांव में 6 अप्रैल की रात जमीन को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। सूचना पर पहुंची डायल पुलिस ने कोतवाली को सूचना दी। इस दौरान हल्का दरोगा रोहित कुमार जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक घायल एम्बुलेंस से सीएचसी भेजे जा चुके थे।

चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज व मेडिकल परीक्षण किया ही जा रहा था। तभी देर रात अस्पताल परिसर में ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इस बीच अस्पताल में भर्ती मरीज व तीमारदार जान बचाने के लिए वार्डों से निकलकर इधर-उधर भागने लगे। सीएचसी अधीक्षक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने हल्का दरोगा रोहित कुमार की तहरीर पर एक पक्ष के पवन कुमार, चन्दावती, शांति देवी, ज्योति, रामबहादुर, लोकेश व दूसरे पक्ष के बुधना, रामदुलारी, रामऔतार, गीता, सुधीर, देशराज, और राममनोहर समेत 13 लोगों पर सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव और मारपीट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

इस घटना के संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि 13 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही: एसपी

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सरवन टी ने बुधवार को शुकुल बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने लंबित मुकदमों की विवेचनाओं में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि सभी मामलों का निस्तारण शीघ्र, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

एसपी ने स्पष्ट कहा कि विवेचना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, थाना कार्यालय, बैरक, मेस, शौचालय और स्नानागार का भी निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। अभिलेखों की जांच के दौरान समाधान दिवस, भूमि-भवन और मालखाना रजिस्टर की स्थिति देखी गई। उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने और आईजीआरएस से जुड़े मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। इस दौरान एसपी ने साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और लोगों को जागरूक किया जाए।



महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते एसपी सरवन टी व मौजूद अन्य।

# रैली निकालकर किया जागरूक

संवाददाता, शुकुल बाज़ार (अमेठी)

**अमृत विचार।** शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास खंड शुकुल बाज़ार में बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई।

क्षेत्र के विधायक सुरेश पासी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। यह रैली खंड विकास अधिकारी कार्यालय से शुरू होकर कस्बा शुकुल बाज़ार होते हुए जैनव गंज स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मदनपुर में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में अध्यापक, ग्राम प्रधान और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कई लोग बाइक और कार से भी रैली में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करते नजर आए। समापन कार्यक्रम में विधायक सुरेश पासी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र शुक्ल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं तथा बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी अभिभावकों से 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

रैली रवाना किए जाने के दौरान अजय त्रिपाठी, विक्रमादित्य, अनूप, संदीप यादव, सूरज यादव, श्याम यादव, अनूप कुमार, आलोक, अमित शर्मा, नासिर हुसैन सहित क्षेत्र के अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



रैली वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक सुरेश पासी। अमृत विचार

- जागरूकता रैली को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

## सीएम ने कृषि विज्ञानी को किया सम्मानित

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के अखंड नगर क्षेत्र के हाजीपुर बीरी गांव निवासी कृषि विज्ञानी डॉ. उत्कर्ष सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्कृष्ट पीएचडी थीसिस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना के अंतर्गत भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित छठी यूपी कृषि विज्ञान कांग्रेस में प्रदान किया गया। डॉ. उत्कर्ष सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गोंडा परिसर में कार्यरत हैं। वे उद्यान विशेषज्ञ डॉ. पी.के. सिंह के पुत्र हैं। उनके इस सम्मान से जिले में खुशी की लहर है। समारोह में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव (कृषि) रवींद्र और महानिदेशक डॉ. संजय सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. उत्कर्ष के चाचा एवं सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज उमरी के प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्कर्ष बचपन से ही मेधावी और प्रतिभाशाली रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।



सीएम से सम्मानित डॉ. उत्कर्ष सिंह।

## शूटिंग चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 10 को

**अमेठी, अमृत विचार।** राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 10 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में बनी नई शूटिंग रेंज में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर खिलाड़ियों के चयन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। इस चयन समिति में एसडीएम नितेश राज सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और प्रशिक्षक शामिल किए गए हैं। ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को 10, 11 और 12 अप्रैल तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। प्रशिक्षण के बाद जनपद की चयनित टीम अयोध्या में 13 से 16 अप्रैल तक आयोजित होने वाली प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की है, ताकि जिले की मजबूत टीम तैयार की जा सके।

## ग्राम सभा की भूमि पर अवैध खनन का आरोप

**अमेठी, अमृत विचार।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सरूवावां मजरे लाला का पुरवा निवासी संतराम यादव ने ग्राम सभा की भूमि पर अवैध खनन किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया कि गांव के ही निवासी शिवपूजन पुत्र रामपाल द्वारा चार अप्रैल को गाटा संख्या 822 पर जेसीबी और डम्पर के माध्यम से अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की गई तथा उसे गाटा संख्या 813 में डाला जा रहा था। बताया गया कि संबंधित भूमि ग्राम सभा की सुरक्षित श्रेणी में आती है, जहां बिना अनुमति खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है। संतराम यादव का आरोप है कि खनन कार्य के लिए न तो संबंधित विभाग से अनुमति ली गई और न ही जेसीबी व डम्पर के संचालन की कोई वैधानिक स्वीकृति प्राप्त की गई। विरोध करने पर मामले में विवाद भी उत्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और खनन कार्य रुकवाया। हालांकि, पुलिस के वापस लौटते ही पुनः अवैध खनन शुरू कर दिया गया। आरोप लगाया कि बाद में खनन करने वालों द्वारा अनुमति होने की बात कही गई, जबकि संबंधित विभाग से कोई वैध आदेश प्राप्त नहीं किया गया था। इस संबंध में जिला खनन अधिकारी दुष्यंत कुमार को भी फोन के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## पूर्व विधायक के मामलों में बहस 22 अप्रैल को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बुधवार को पूर्व विधायक संतोष पांडेय से जुड़े दो मामलों में बहस आगे नहीं बढ़ सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जानकारी दी कि निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश बहस नहीं हो पाई। इसके बाद अदालत ने दोनों वादों में बहस के लिए नई तिथि 22 अप्रैल तय की है। बताते चलें कि लंभुआ विधानसभा के तत्कालीन उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह की तहरीर पर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके समर्थकों के खिलाफ बिना अनुमति सरकारी विद्यालय में मीटिंग करने तथा बिना अनुमति रोड शो निकालने के आरोपों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।

## किशोरी की हत्यारोपी महिला को जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार थाना क्षेत्र के कुदारन गलिबहा में गला रेत कर पड़ोसी किशोरी की हत्या करने के मामले में जेल में बंद आरोपी सरस्वती को सेशन जज सुनील कुमार ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि घटना में उसका कोई रोल नहीं है और पुलिस ने गलत तरीके से आरोपी बना दिया और वह जमानत पाने की हकदार है। मृतका जाह्नवी के पिता संतोष कुमार ने बीते साल 31 दिसंबर की दोपहर में हुई पुत्री की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पड़ोस के आरोपी विनीत पुत्र जगदीश और विनीत की मां सरस्वती आरोपी हैं। कोर्ट ने साक्ष्य और तर्कों के आधार पर आरोपी महिला की जमानत मंजूर कर जेल से रिहाई का आदेश दिया है।

# शिक्षामित्रों ने सरकार का जताया आभार

गौरीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ब्लॉक इकाई गौरीगंज द्वारा बीआरसी कार्यालय गौरीगंज में प्रदेश सरकार के निर्णय पर बुधवार को खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह, बीआरसी स्टाफ तथा उपस्थित शिक्षामित्रों को मिष्ठान खिलाकर सरकार के प्रति आभार प्रकट किया गया। बताते चले कि लंबे समय से प्रतीक्षित कैबिनेट के निर्णय के तहत शिक्षामित्रों के मानदेय को 18,000 रुपये तथा अनुदेशकों को 17,000 रुपये किए जाने की घोषणा के बाद शिक्षामित्रों में खुशी की लहर है। इसी क्रम में ब्लॉक इकाई गौरीगंज के शिक्षामित्रों ने एकत्र होकर अपनी खुशी जाहिर की और प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मुस्ताक अहमद के नेतृत्व में कई शिक्षामित्र उपस्थित रहे। इस दौरान संघ के संरक्षक राम सजीवन मौर्य, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, के.के. कनौजिया, प्रोटान राधेश्याम, संतोष, सुशील पांडे, सारिका सिंह, कुमुद लता सिंह, मुर्तजा, प्रतिभा सिंह, राम शंकर, लाल बहादुर रहे।



मिष्ठान वितरण करके बीआरसी पर खुशी मनाते शिक्षामित्र।

# डीसी मनरेगा ने फार्मर रजिस्ट्री कैंपों का किया औचक निरीक्षण

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में सुस्ती को लेकर बुधवार को प्रशासनिक सख्ती देखने को मिली। डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार चंदेल ने क्षेत्र के कई गांवों में लगे रजिस्ट्री कैंपों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि ब्लॉक क्षेत्र की 39 ग्राम सभाओं में अभी भी 2292 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री लंबित है, जो अभियान की धीमी प्रगति को दर्शाता है। इस पर डीसी मनरेगा ने नाराजगी जताते हुए उड़वा, हेवतहा, नेवढिया, रोझइया, गोकुलपुर और हरदी टीकर गांवों में पहुंचकर कैंपों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, सफाई कर्मियों और पंचायत सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए कि घर-घर जाकर किसानों को जागरूक करें और उनकी रजिस्ट्री जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार ने उन्होंने अपील की कि किसान तत्काल कैंपों में प्रक्रिया पूरी करें।

आयोजन

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन उमड़ी आस्था की भीड़

# नंदोत्सव का जीवंत प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हो गए भावविभोर

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** संग्रामपुर क्षेत्र के भवसिंहपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को नंदोत्सव प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथावाचक विनीत जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद नंदोत्सव का जीवंत वर्णन करते हुए बताया कि नंद बाबा के यहां पुत्र रत्न की प्राप्ति होते ही पूरे ब्रज में हर्षोल्लास छा गया था। बधाई गीत गाए गए, मिठाइयां बांटी गईं और चारों ओर खुशी का माहौल बन गया।कथा के दौरान माखन चोरी प्रसंग का भी मार्मिक वर्णन किया गया। "मैया मोरी, मैं नहीं माखन खायो" पंक्तियों की भावपूर्ण व्याख्या ने श्रोताओं को भावुक कर दिया।इसके साथ ही गोवर्धन पूजा, कालिया दमन, रास लीला, उद्धव संवाद और मथुरा गमन प्रसंगों का भी सुंदर चित्रण किया गया। कथावाचक ने बताया कि रास लीला आत्मा और परमात्मा के पवित्र मिलन का प्रतीक है।पांचवें दिन की कथा में पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा, जिसमें महिलाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। सभी श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लेते नजर आए।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व अमेठी नरेश डॉ. संजय सिंह भी कथा श्रवण के लिए पहुंचे, जहां आयोजक परिवार व क्षेत्रीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम में मुख्य यजमान अवधेश सिंह, द्वारिका सिंह, अजय सिंह, राजकुमार सिंह, आकाश सिंह, परविंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



कथा कहते विनीत महाराज।

**श्रीकृष्ण-रुक्मिणि विवाह की कथा का भक्तों ने किया रसपान, महराजगंज:** महराजगंज ब्लाक के हलोर में पिछले छह दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन आज श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का हुआ। भागवत कथा के व्यास वागीश रामचंद्र दास ने कंस वध, रासलीला, गोवर्धन धारण और रुक्मणी विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भवसागर पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथावाचक वागीश रामचन्द्र दास ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। इस मौके पर आयोजक राजेंद्र दत्त मिश्रा, कुसुम मिश्रा, डॉ. शशांक शेखर शुक्ला, पूजा मिश्रा, अमित पांडेय, बेबी सिंह, सुरेंद्र कुमार, डॉ. शिवाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सुदामा चरित्र व रुक्मिणी विवाह प्रसंग का हुआ वर्णन

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के ग्राम खालेहार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन बुधवार कथा वाचक पंडित गणेश शंकर शास्त्री ने सुदामा चरित्र और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथावाचक ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार माता रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने के लिए अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ उनका स्मरण किया। भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी भक्ति को स्वीकार करते हुए उनका हरण कर विधिवत विवाह किया। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सच्चे प्रेम और समर्पण के आगे सभी बाधाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। इसके बाद सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए शास्त्री ने कहा कि भगवान और भक्त का संबंध अत्यंत पवित्र और अटूट होता है। सुदामा की निर्धनता के बावजूद उनकी सच्ची भक्ति और मित्रता को भगवान श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार सम्मान दिया, वह मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर यजमान ईला तिवारी, कमलेश तिवारी धीरेंद्र तिवारी, पूरन त्रिवेदी, सोनू त्रिवेदी, राघवेंद्र कुमार, दीपक कुमार, रामदत्त पांडेय आदि भक्त मौजूद रहे।

